विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डाइनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
शारदा विहार, रेल्वे क्रासिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 224 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 15 मई 2024 डाक 16 मई 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
दिल्ली के चार अस्पतालों के बाद नई दिल्ली में दीप चंद बंधु अस्पताल के बाहर लोगों को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली





**देश-विदेश**
एक ब्राह्मण, दो पिछड़ा वर्ग और एक अनुसूचित जाति का प्रस्तावक पीएम मोदी के नामांकन में ये चार लोग क्यों





**फीचर पेज**
गर्मी के दौरान डाइट में जरूर शामिल करें लीची, मिलेगें स्वास्थ्य से जुड़े कई लाभ




# पीएम मोदी का मुसलमानों को संदेश, 'जिस दिन हिंदू-मुस्लिम करूंगा, सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रहूंगा'



**नईदिल्ली, 15 मई [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एक चुनावी रैली में उनके द्वारा 'ज्यादा बच्चे पैदा करने' का जिक्र किया गया था, जिसका मतलब मुसलमानों से नहीं था। पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि मैं हिंदू-मुस्लिम में भेद नहीं करता हूं। जिस दिन में ऐसा करूंगा, उस दिन सार्वजनिक जीवन में रहने लायक नहीं रहूंगा। पीएम मोदी ने वाराणसी में नामांकन दाखिल करने के बाद एक इंटरव्यू में यह बात कही। बकौल पीएम मोदी, मैं हैरान हूं कि जब भी ज्यादा बच्चों की बात होती है, तो सिर्फ मुसलमान का नाम जोड़ देते हैं। यह मुसलमानों के साथ अन्याय है। हमारे यहां गरीब परिवारों में भी ये हाल है। उनके बच्चों को भी पढ़ा नहीं पा रहे हैं। पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि मैंने हिंदू या मुस्लिम का उल्लेख नहीं किया था। मैंने कहा था कि व्यक्ति को उतने ही बच्चे पैदा करने चाहिए, जितने आप देखभाल कर सकें। ऐसी स्थिति उत्पन्न न होने दें, जहां राज्य को आपके बच्चों की देखभाल करनी पड़े। जब पूछा गया कि क्या उन्हें विश्वास है कि इस लोकसभा चुनाव में मुसलमान उन्हें वोट देंगे, तो मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि मेरे देश के लोग मुझे वोट देंगे। प्रधानमंत्री ने हिंदू-मुस्लिम के बारे में न बोलने का भी संकल्प लिया। बोले- अगर मैं हिंदू-मुस्लिम के बारे में बोलना शुरू कर दूं, तो मुझे समाज में रहने का अधिकार नहीं होगा। मैं हिंदू मुस्लिम नहीं करूंगा। यह मेरी प्रतिज्ञा है।

## मिल मजदूर की हत्या, पत्थर से उतारा गया मौत के घाट



**बलौदाबाजार।** जिले में हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। भाटापारा शहर में एक व्यक्ति की पत्थर से कुचलकर निर्मम हत्या कर दी गई है। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। वहीं एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

## सचिन तेंदुलकर की सुरक्षा में तैनात जवान ने सरकारी बंदूक से की आत्महत्या



**जलगांव, 15 मई [एजेंसी]।**

पिछली पीढ़ी के दिग्गज क्रिकेटर भारत रत्न सचिन तेंदुलकर की सुरक्षा में तैनात राजकीय रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) के एक जवान ने जामनेर शहर में अपने पुश्तैनी घर में आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मृतक जवान की पहचान प्रकाश कापड़े के रूप में हुई है। वह छुट्टी पर अपने पैतृक शहर गया था। कापड़े (39) ने अपनी सरकारी बंदूक से गले में गोली मार ली। उसके परिवार में उसके बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी तथा दो नाबालिग बच्चे, एक भाई और अन्य सदस्य हैं। जामनेर थाने के वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर किरण शिंदे ने कहा कि घटना बीती रात 1.30 बजे की है। उसने क्यों आत्महत्या कि इसके बारे में अभी पता नहीं चल सका है। शिंदे ने आईएएनएस को बताया, प्राथमिक जांच से लगता है कि उसने निजी कारणों से यह कदम उठाया है, लेकिन हम जांच के पूरे विवरण का इंतजार कर रहे हैं। कापड़े का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। जामनेर पुलिस ने हादसे में मौत की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उसके परिवार के सदस्यों, सहकर्मियों और जान-पहचान के अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि एसआरपीएफ के भी स्वतंत्र जांच करने की संभावना है क्योंकि जवान वीवीआईपी सुरक्षा में तैनात था।

## मस्जिद में नमाज के दौरान इमाम व नमाजियों पर हमला, मची भगदड़, कई लोग हुए घायल



**रुड़की।** गुलाब शाह पीर दरगाह के पास मस्जिद में नमाज पढ़ने के दौरान कुछ लोगों ने इमाम और नमाजियों पर हमला बोल दिया। हमला होता देख नमाज पढ़ने पहुंचे लोगों में भगदड़ मच गई और शोर शराब हो गया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और सूचना पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचते ही हमलावर फरार हो गए। वहीं, हमले में कई लोग घायल हो गए। दरगाह के खादिम की तहरीर पर पुलिस ने 27 लोगों पर बलवा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## न्यूज़क्लिक के संस्थापक की गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट ने बताया अवैध, जल्द रिहा करने का दिया आदेश



**नईदिल्ली, 15 मई [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक मामले में न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को अवैध करार दिया। इसके साथ ही जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने उन्हें जल्द रिहा करने का आदेश दिया। न्यूजक्लिक पर भारत की संप्रभुता को बाधित करने और देश के खिलाफ असंतोष पैदा करने के लिए चीन से धन मिलने का आरोप लगाया गया था। समाचार पोर्टल के खिलाफ दर्ज एफआईआर में पुरकायस्थ पर 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान चुनावी प्रक्रिया में व्यवधान पहुंचाने के लिए पीपल्स अलायंस फॉर डेमोक्रेसी एंड सेक्युलरिज्म (पीएडीएस) नामक समूह के साथ साजिश रचने का भी आरोप है।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे का निधन

**ग्वालियर, 15 मई [एजेंसी]।**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माताजी माधवी राजे सिंधिया का निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थीं और बीते दो माह से उनका दिल्ली एम्स में इलाज चल रहा था। आज सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। अंतिम संस्कार कल ग्वालियर में किया जाएगा। जानकारी के अनुसार अत्यधिक चुनाव की व्यस्तताओं के चलते दिल्ली में ही कई राजनीतिक हस्तियां उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचेगी। वहीं ग्वालियर में भी करीब 20 वीवीआईपी शामिल रहेंगे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां और ग्वालियर राजघराने की पूर्व राजमाता माधवी राजे सिंधिया का निधन हो गया है। वह निमोनिया के साथ-साथ सेप्सिस से भी पीड़ित थीं। पिछले दो महीने से उनका दिल्ली के एम्स अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने आज सुबह 9.28 बजे दिल्ली के एम्स अस्पताल में अंतिम सांस ली।



तीन महीने से दिल्ली एम्स में भर्ती थीं। नेपाल के राजघराने से था संबंध

माधवी राजे सिंधिया के निधन पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी दुख जताया है। सिंधिया राजघराने की तरह माधवी राजे सिंधिया भी एक शाही परिवार से आती हैं। माधवी राजे सिंधिया के दादा जुद्ध शमशेर जंग बहादुर नेपाल के प्रधानमंत्री रहे हैं। माधवी राजे सिंधिया को प्रिंसेज किरण राज्य लक्ष्मी देवी के नाम से भी जाना जाता है। ज्योतिरादित्य सिंधिया के स्वर्गीय पिता माधवराव सिंधिया ने 1966 में माधवी राजे सिंधिया से शादी की थी। मार्च 2020 में जब सिंधिया राजघराने के मुखिया ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने का निर्णय लिया था, तो उस समय पूरा परिवार उनके साथ था। बेटा और पत्नी तो उनके फैसले में साथ थे ही, पर सबसे ज्यादा सपोर्ट उनकी मां माधवी राजे सिंधिया ने किया था। ज्योतिरादित्य कांग्रेस में पिता की विरासत छोड़कर जाने में संकोच कर रहे थे, लेकिन माधवी राजे ने मार्गदर्शक बनकर राह दिखाई थी। इसके बाद ही ज्योतिरादित्य ने इतना बड़ा फैसला लेकर अपनी दादी विजयाराजे सिंधिया की तरह बड़ा कदम उठाया था। शादी से पहले राजमाता माधवी राजे का नाम प्रिंसेस किरण राजलक्ष्मी देवी था। ग्वालियर के सिंधिया राजघराने के माधवराव सिंधिया से 1966 में शादी हुई। शादी दिल्ली में शानो-शौकत के साथ हुई थी। इस शाही शादी में देश-विदेश से मेहमान शामिल हुए थे। शादी के बाद मराठी परंपरा के अनुसार नेपाल की राजकुमारी का नाम बदला गया।

## हिंदुस्तान कॉपर खदान में फंसे आठ लोग बाहर निकाले गए, तीन को जयपुर रेफर किया, बाकी सभी सुरक्षित



**जयपुर, 15 मई [एजेंसी]।**

नीम का थाना जिले में कल रात हिंदुस्तान कॉपर की कोलिहान खदान में लिफ्ट की रस्सी टूटने से 1800 फीट की गहराई में 14 लोग फंस गए। कल से चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन में अब तक आठ लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। जिनमें से तीन लोगों को गंभीर हालत में जयपुर रेफर कर दिया गया है। बाकी अन्य छह लोगों को भी बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। अंदर फंसे सभी लोग सुरक्षित हैं। दरअसल, नीम का थाना जिले में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की कोलिहान खदान में लिफ्ट की रस्सी टूटने से बड़ा हादसा हो गया था। खदान में बनी लिफ्ट का ऊपर आते वक्त अचानक रस्सा टूट गया, जिसके बाद वो करीब 1875 फीट नीचे जा गिरी। इस हादसे के वक्त खदान में कोलकाता से आई विजिलेंस टीम के 14 अधिकारी मौजूद थे। उन्हें बाहर निकालने के लिए तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। सुबह करीब 7 बजे तक 3 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और इलाज के लिए जयपुर रेफर कर दिया गया। इसके बाद करीब नौ बजे पांच और लोगों को बाहर निकाला गया है। अब तक कुल आठ लोगों को बाहर निकाला जा चुका है। बाकी बचे छह लोग भी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। डॉक्टरों की टीम उनके पास पहुंच गए गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी इस रेसक्यू ऑपरेशन को खुद मॉनिटर कर रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य तेजी से संचालित करने, प्रभावितों को हर संभव मदद और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### आंध्र प्रदेश में भीषण सड़क हादसा

## ट्रक-और बस की जोरदार टक्कर 6 लोगों की जलकर मौत



**चिलकलुरिपेट, 15 मई [एजेंसी]।**

आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले में कल देर रात एक बस और ट्रक की जबरदस्त टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। साझा किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि बस पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। इस घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने बताया, हमें घटना के बारे में कुछ लोगों के माध्यम से जानकारी मिली। हमने एम्बुलेंस और दमकल गाड़ियों को सतर्क कर दिया है। जब हम मौके पर पहुंचे, तो बस आग की लपटों में घिरी हुई थी। हम समझते हैं कि छह लोगों की मौत हो गई।

## मेक्सिको के चिकोमुसेलो शहर में सामूहिक गोलीबारी, 11 लोगों की मौत



**मेरिडा, 15 मई [एजेंसी]।**

दक्षिणी मेक्सिको राज्य चियापास के चिकोमुसेलो शहर में ताबड़तोड़ सामूहिक गोलीबारी हुई। इस हमले में 11 लोगों की मौत हो गई। यह क्षेत्र प्रवासियों और नशीली दवाओं की तस्करी के लिए जाना जाता है। हाल के महीनों में कार्टेल टर्फ लड़ाई से यह क्षेत्र काफी प्रभावित हुआ है। दरअसल, मोरेलिया की टाउनशिप और बाहरी बस्ती, ग्वाटेमाला के साथ मेक्सिको की सीमा के पास एक कम आबादी वाला क्षेत्र है। इस क्षेत्र में ड्रग कार्टेल के बीच टकराव हुआ था। चियापास के सीमावर्ती क्षेत्र में हिंसा बढ़ती जा रही है, क्योंकि प्रतिद्वंद्वी सिनालोआ और जलिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल क्षेत्र के लिए लड़ाई कर रहे हैं।

## यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए दो और श्रद्धालुओं की मौत, पांच दिन में छह की गई जान



**उत्तरकाशी, 15 मई [एजेंसी]।**

यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए दो और श्रद्धालुओं की मौत हो गई। दोनों को अचेत अवस्था में स्वास्थ्य केंद्र जानकीचट्टी पहुंचाया गया था। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। धाम की यात्रा के दौरान अब तक मरने वाले यात्रियों कुल संख्या छह हो गई है। वहीं, सोमवार को बदरीनाथ धाम में भी एक यात्री की मौत हुई। ऐसे में चारधाम यात्रा के दौरान अब तक सात यात्रियों की जान गई है। जानकारी के अनुसार, राम प्रसाद(51) पुत्र कन्हैया लाल निवासी इंदौर गांधी नगर मध्यप्रदेश, कल शाम करीब साढ़े पांच बजे यमुनोत्री पैदल मार्ग पर भैरव मंदिर के पास फिसलकर चोटिल हुए। वहीं, दक्षा बेन पटेल (68) पत्नी घनश्याम पटेल निवासी अहमदाबाद गुजरात को सवा छह बजे यमुनोत्री से लौटते वक्त सांस लेने में दिक्कत हुई और वह बेहोश हो गईं। जिस पर परिजन उन्हें स्वास्थ्य केंद्र जानकीचट्टी ले गए थे, लेकिन दोनों को ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## यूनेस्को ने रामचरित मानस और पंचतंत्र को दी मान्यता मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर में किया शामिल



**नईदिल्ली, 15 मई [एजेंसी]।**

गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस और पंचतंत्र की कथाओं को अब पूरी दुनिया में मान्यता मिल गई है। रामचरितमानस की सचित्र पांडुलिपियां और पंचतंत्र दंतकथाओं की 15वीं शताब्दी की पांडुलिपि को यूनेस्को ने अपने मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर में स्थान दिया है। 2024 के संस्करण में एशिया पैसिफिक की 20 धरोहरों को शामिल किया गया है, जिनमें रामचरित मानस और पंचतंत्र के साथ ही सहृदयालोक-लोकन की पांडुलिपि भी है। पीआईबी के मुताबिक, रामचरित मानस, पंचतंत्र और सहृदयलोक-लोकन को यूनेस्को की मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड एशिया-पैसिफिक रीजनल रजिस्टर में शामिल किया गया है।

यह समाचार हर भारतवासी के लिए गौरव का क्षण है। देश की समृद्ध साहित्यिक विरासत और सांस्कृतिक विरासत की पुष्टि है। यूनेस्को की यह घोषणा ऐसे समय हुई है जब अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बन चुका है और रोज लाखों राम भक्त अपने राम लला के दर्शन कर धन्य हो रहे हैं।

## नक्सलियों की साजिश नाकाम, टीआई के शासकीय वाहन में किया आईईडी ब्लास्ट



**बीजापुर, 15 मई [एजेंसी]।**

फरसेगढ़ टीआई के शासकीय वाहन में नक्सलियों ने विस्फोट कर दिया। जिसमें टीआई और आरक्षक बाल-बाल बच गए। मिली जानकारी अनुसार फरसेगढ़ थाना प्रभारी आकाश मसीह व आरक्षक संजय चार पहिया वाहन में सवार होकर बीजापुर जिला मुख्यालय के लिए हुए सुबह निकले थे। रास्ते में सोमनपल्ली और रानीबोदली के बीच गन्नम नाला के पास नक्सलियों ने विस्फोट किया। वाहन में टीआई मसीह के साथ एक आरक्षक संजय भी सवार था। जानकारी अनुसार थानेदार मसीह और आरक्षक संजय दोनों ही सुरक्षित बताये गये है। वाहन के सामने का हिस्सा विस्फोट की जद में आने क्षतिग्रस्त हुआ है। फरसेगढ़ थाना क्षेत्र का मामला है। एसपी जितेंद्र यादव ने की घटना की पुष्टि की है, और बताया कि यह घटना फरसेगढ़ व सोमनपल्ली के बीच हुई। आईईडी ब्लास्ट से दोनों सुरक्षित है। वाहन को क्षति पहुंची है।

## भाजपा सांसद नवनीत राणा के घर हुई चोरी, दो लाख रुपये लेकर फरार हुआ नौकर, केस दर्ज



**मुंबई।** महाराष्ट्र में भाजपा लोकसभा सांसद और अमरावती से बीजेपी उम्मीदवार नवनीत राणा के आवास पर चोरी हुई है। यह चोरी नवनीत के पति रवि राणा के नौकर अर्जुन मुखिया ने की है। पुलिस ने नौकर के खिलाफ खार पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कर दिया है। अर्जुन मुखिया बिहार का रहने वाला है। मुंबई के खार स्थित नवनीत के फ्लैट से 2 लाख रुपये नकद चुराने के बाद से फरार है।

## अरनपुर में फिर बड़ी घटना को अंजाम देने पहुंचे नक्सली गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा में संयुक्त पुलिस बल को नक्सली उन्मूलन अभियान में बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस द्वारा जांच के दौरान पांच नक्सलियों को हिरासत में लिया गया। इनमें महिला नक्सली पर 1 लाख रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने जानकारी में बताया कि पुलिस को गोपनीय सूचना मिली थी की अरनपुर क्षेत्र में मलांगीर एरिया कमेटी के नक्सली विचरण कर रहे हैं। इसके आधार पर जिला आरक्षी बल अरनपुर थाना बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 111वीं वाहिनी - यंग प्लाटून के संयुक्त दल को रवाना किया गया।


डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
Wedding Collection
कोटसूट | शेरवानी | इंडोवेस्टर्न
ब्लेज़र | जोधपुरी | लहंगा
U.S. POLO ASSN. | MUFTI | KILLER | Levi's | BLACKBERRYS | nostrum
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# शासकीय भूमि में अतिक्रमण पर नजर रखने के साथ हटाने की कार्यवाही करें :कलेक्टर

कोरबा । कलेक्टर अजीत वसंत ने आज समय सीमा की बैठक में जनहित के महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में मतदान कार्य शांतिपूर्ण ढंग से कराने पर नोडल अधिकारियों सहित सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए मतगणना के कार्यों को भी जिम्मेदारी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने टीएल के संबंधित पत्र, विभागीय कार्यों के क्रियान्वयन और अन्य गतिविधियों पर चर्चा की और सभी एसडीएम सहित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विभागीय कार्यों तथा निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी फील्ड पर जाकर लें। कलेक्टर ने जिले में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को रोकने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण, शहरी इलाकों में हाल ही में किये गये शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को शीघ्र हटाए। खेल मैदानों, स्कूलों के आसपास सहित महत्वपूर्ण स्थानों से अतिक्रमण हटाया जाए। उन्होंने अतिक्रमण पर विशेष नजर रखते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी शासकीय विभागों को विभाग की रिक्त भूमि पर सूचना बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास, आश्रमों के निरीक्षण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईंट भट्ठों में संचालित बालवाड़ी में, आंगनबाड़ी केंद्रों में समय पर भोजन सहित अन्य सामग्री का वितरण करने के साथ ही





निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में पर्याप्त बच्चों की उपस्थिति होने के साथ समय पर केंद्र का संचालन तथा अन्य गतिविधियां संचालित किया जाएं। बैठक में कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूलों में विद्युतीकरण, पहुँचमार्ग, विद्युतविहीन गांवों में विद्युतीकरण के सम्बंध में आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने राजस्व के लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि सीमांकन के प्रकरणों का बारिश से पूर्व निराकृत किया जाए।

कलेक्टर ने जिले में होने वाले राखड़ परिवहन पर नजर रखने और नियम विरुद्ध राखड़ परिवहन करने पर संबंधित वाहन पर कार्यवाही के निर्देश एसडीएम, पर्यावरण अधिकारी, परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर ने विभागों में अनुकम्पा नियुक्ति, पेंशन के प्रकरणों पर कार्यवाही करने, निलम्बन के मामलों पर जाँच कर बहाल कर संबंधित से कार्य लेने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएमएफ अन्तर्गत मांगी गई जानकारी प्रस्तुत करने, निरस्त किये गए कार्यों और अप्रारम्भ कार्यों की राशि जमा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिले में कोई भी भवनविहीन स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र न हो। इस संबंध में जानकारी प्रस्तुत करने तथा आवश्यकतानुसार डीएमएफ अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने स्कूलों में रिक्त शिक्षकों की जानकारी प्रस्तुत करने और अतिथि शिक्षक, अतिथि व्याख्याता के पदों को भरने के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर ने उच्चतर विद्यालयों में विशिष्ट विषयों के पदों पर किसी शिक्षकों की कमी नहीं रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के शिक्षित बेरोजगारों को शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों में रिक्त पदों पर रखने के निर्देश देते हुए आदिवासी विभाग से समन्वय बनाकर पीवीटीजी को प्राथमिकता देने कहा। उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी स्कूली विद्यार्थियों का जाति प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य विभाग अंतर्गत वर्ष 1990 के पश्चात् हुए भू-अर्जन के प्रकरणों का रिकॉर्ड दुरूस्त करने के निर्देश देते हुए राजस्व विभाग को दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि अतिक्रमण पर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने भारी वाहन चलने वाले सड़को पर धूल उड़ने से बचाव के लिए किए जा रहे पानी का छिड़काव करने के संबंध में भी निर्देश दिए।

## 102 लोगों ने शिविर में किया रक्तदान



कोरबा । कोरबा जिले में मारवाड़ी युवा मंच दर्री जमनीपाली जैलगाँव एवं न्यू कोरबा हॉस्पिटल (जीवन आशा) जमनीपाली के संयुक्त तत्वाधान में विश्व नर्सिंग दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दर्री क्षेत्र में किया गया। इस शिविर में 102 लोगो रक्तदान किया एवं उपस्थित सभी का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त जाँच किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सीआईएसएफ़ के असिस्टेंट कमांडेंट चिराग् गर्ग, मारवाड़ी युवा मंच छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, न्यू कोरबा हॉस्पिटल के संचालक डॉ. शोभराज चाँदनी मंच के पदाधिकारीगण, सीआईएसएफ़ के अधिकारी और डॉक्टर्स मौजूद रहे। शिविर का शुभारंभ अथितियों असिस्टेंट कमांडेंट चिराग गर्ग, प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, संरक्षक मनोज अग्रवाल, प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुमित अग्रवाल, निर्वृतमान शाखा अध्यक्ष राकेश गोयल द्वारा फ़ीता काट के एवं दीप प्रज्वलित् करके किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मारवाड़ी युवा मंच के शाखा अध्यक्ष पारस अग्रवाल एवं न्यू कोरबा हॉस्पिटल के कार्यक्रम संयोजक साजिद खान द्वारा कार्यक्रम को आगे बढ़ाया एवं सीआईएसएफ़ के असिस्टेंट कमांडेंट ने अपने उद्बोधन में कहा 12 मई का दिन नर्सिंग कर्मियों को समर्पित है। आज नर्सेज के सेवाभाव को सलाम करने का दिन है। नर्सिंग को विश्व के सबसे बड़े स्वास्थ्य सेवा के रूप में देखा जाता है। रोगियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से राहत पहुंचाने में नर्सों का योगदान हमेशा से ही महत्वपूर्ण माना गया है। एवं अपने शैक्षिक जीवन के सफल यात्रा के अनुभव को मौजूद युवाओं के साथ साझा किया।मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा नर्सेज़ को सम्मान दिया गया एवं मारवाड़ी युवा मंच की समाज सेवा के प्रति किए गए सेवाकार्यो एवं उपलब्धियों से परिचय करवाया। एनकेएच के संचालक डॉ. शोभराज चंदानी ने मौजूद नर्सेज़ का अभिवादन किया और क्षेत्र के लोगो के अपना चिकित्सा संबंधी दृष्टिकोण रखा एवं दर्री क्षेत्र में चिकित्सा के संबंध में सुधार हेतु सकारात्मक पहल की बात कही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक मधुर अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक अंजय अग्रवाल, प्रांतीय सहसंयोजक विकास अग्रवाल, पूर्व शाखा अध्यक्ष नित्तुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरुण केडिया, सदस्यगण अमित अग्रवाल, आशीष गोयल, वैभव गोयल, सौरभ अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, बालकिशन अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, जय अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, रूपेश गोयल, सतीश अग्रवाल, बिट्टू एवं मंच के सभी साथीगण उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे के खाते में जोड़ा जाएगा पूरा खर्च

कोरबा। कोरबा संसदीय क्षेत्र के चिरमिरी में बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा के आड़ में चुनाव प्रचार की शिकायत को सही पाया गया है। भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के चुनावी खर्च में कार्यक्रम के खर्च को जोड़ा जाएगा। इसका आकलन भी शुरू हो गया है। पंडाल से लेकर जो भी सामग्री का उपयोग किया गया, उसके आधार पर खर्च का आकलन किया जा रहा है।

जिला कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ ने सहायक रिटर्निंग अधिकारी लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 4 कोरबा एमसीबी को शिकायत की थी कि 26 अप्रैल को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम गोदरी पारा चिरमिरी में बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीराम कथा का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का प्रचार प्रसार कोरबा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय और छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्रियों के फोटो फ्लेक्सी लगाकर किया जा रहा है। साथ ही उनकी फोटो फ्लेक्सी को नगर निगम चिरमिरी व नगर पालिका मनेंद्रगढ़ में कई सरकारी बिजली के खंभों पर लगाया गया है।



यह आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। इसके अलावा लोकसभा क्षेत्र के मनेंद्रगढ़, खड़गवां, चिरमिरी के चौक चौराहों पर शासकीय परिसंपत्तियों पर भाजपा के अभ्यर्थी ने बागेश्वर धाम सरकार की फोटो के साथ पोस्टर चस्पा कर राजनीतिक प्रचार प्रसार भी करना पाया गया। उसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने जवाब में बताया था कि कार्यक्रम का आयोजन उन्होंने नहीं किया और ना ही भाजपा के कार्यकर्ता श्रद्धालुओं को गमछा पहनाए थे। ना ही गमछे में भाजपा का चुनाव चिह्न था। जवाब मिलने के बाद आयोजनकर्ता को अपना पक्ष पेश करने के लिए आयोजक को कारण बताओ नोटिस जारी किया। आयोजक ने भी अपना जवाब प्रस्तुत किया कि कार्यक्रम पंडाल व अन्य स्थानों पर किसी भी राजनीतिक दलों के कथित प्रचार प्रचार पर आयोजन कमेटी का कोई समर्थन नहीं था। कार्यक्रम का आयोजन अन्य व्यवस्था बसंत अग्रवाल ने की थी।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय का कार्यक्रम में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई सहयोग नहीं था। इस संबंध में उन्होंने दस्तावेज भी दिए थे। उड़नदस्ता और वीडियो निगरानी दल के वीडियोग्राफी के अनुसार बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने आयोजन कर्ता के रूप में बसंत अग्रवाल , स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय का नाम लिया था। खड़गवां, चिरमिरी और मनेंद्रगढ़ में बागेश्वर धाम धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के फोटो के साथ में भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय का फोटो लगाकर कार्यक्रम के प्रचार प्रसार करने की पुष्टि होना पाया गया। इस वजह से ही अब जिला व्यय अनुवीक्षण समिति ने आयोजन का पूरा खर्च भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के निर्वाचन व्यय में शामिल करने की कार्रवाई शुरू की है। चिरमिरी में 26 अप्रैल को आयोजित इस कार्यक्रम के खर्च की जांच हो रही है।

ट्टकोरबा लोकसभा निर्वाचन में निर्वाचन व्यय के नोडल अधिकारी और संयुक्त कलेक्टर मनोज बंजारे का कहना है कि चिरमिरी में हुई बागेश्वर धाम की कथा में नियमों का उल्लंघन होना पाया गया है। कार्रवाई की अनुशंसा मिलने के बाद अब भाजपा प्रत्याशी के निर्वाचन व्यय में खर्च को जोड़ने के लिए आकलन किया जा रहा है।

## संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा



कोरबा। महाप्रबंधक कोरबा क्षेत्र के सभागार में कार्मिक निदेशक बिरंची दास एसईसीएल, मुख्यालय एवं महाप्रबंधक आईआर, मनीष श्रीवास्तव बिलासपुर के आतिथ्य में सयुंक्त सलाहकार समिति कोरबा क्षेत्र की आवश्यक बैठक रखी गई, जिसमे उत्पादन, वेलफेयर,आवास, स्वास्थ सुरक्षा,अवैध कब्जा, सहित कर्मचरियों से जुड़े बहुत सारी समस्याओं जिसमे संडे ड्यूटी से लेकर मेंन पावर ,डॉक्टरों की कमी,आई एम आई के लिए कोरबा क्षेत्र के लोगों को मनेंद्रगढ़ जाना पड़ता है, इसलिये ई, एन,टी, डॉक्टरों की मांग सहित कई मामलों को सयुंक्त सलाहकार समिति के सदस्यों ने रखा।

उपरोक्त अवसर पर महाप्रबंधक कोरबा क्षेत्र दीपक पंड्या, उप महाप्रबंधक एच, के प्रधान, महाप्रबंधक सिविल भानु सिंह, क्षेत्रीय वित्त प्रबन्धक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कोरबा क्षेत्र श्रीमती सिमा अरोरा, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबन्धक श्री शिंदे ,शुक्ला सहित सयुंक्त सलाहकार समिति के सदस्य गोपाल नारायण सिंह, मोहन सिंह प्रधान, धर्मा राव,ए, के ,विश्वाश, सन्दीप अशोक सूर्यवंशी, राजगोपाल सिंह धनन्जय प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित रहे।पूरे मीटिंग का संचालन उप कार्मिक प्रबन्धक कोरबा क्षेत्र ने किया।

## दंतैल हाथी ने परला में ढहाया मकान



कोरबा। वन मंडल कटघोरा के केंदई रेंज में झुंड से अलग होकर घूम रहा दंतैल हाथी परला गांव में आधी रात को एक ग्रामीण के मकान को तोड़ दिया। डर की वजह से भीतर के कमरे में पूरा परिवार दुबका रहा। हाथी जब वास जंगल की ओर लौट गया, तब सभी बाहर निकले। इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।ग्राम परला निवासी शंकर लाल गुर्जर सोमवार की रात अपने परिवार के साथ घर में सो रहा था। आधी रात को दंतैल हाथी पहुंचा और चिंघाड़ने लगा। डर की वजह से परिवार के सभी सदस्य घर के भीतर दुबक गए। हाथी ने कीचन के दीवार को तोड़ दिया और घर के भीतर रखे चावल को खा गया। यह तो अच्छा हुआ की भीतर कमरे में घुस नहीं पाया। इस घटना की सूचना मिलने के बाद वन अमला देर रात गांव पहुंचा। तब हाथी जंगल की ओर चला गया था। वन मंडल में अभी 49 से अधिक हाथी घूम रहे हैं।

### एनआईएस की परीक्षा पास की बंजारे ने

कोरबा। ज़िले के लेवल अप मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स अकादमी सिटी सेंटर मॉल कोरबा के डायरेक्टर प्रेमराज बंजारे ने स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ़ इंडिया बेंगलुरु से एनआईएस ताईक्वांडो की परीक्षा पास कर ज़िले के साथ साथ पूरे छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है।प्रेमराज बंजारे एक समर्पित और भावुक मार्शल आर्ट प्रैक्टिशनर, ने प्रमाणित ताइक्वांडो कोच बनकर अपनी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह प्रतिष्ठित प्रमाणन ताइक्वांडो की कला में कड़ी मेहनत, समर्पण और विशेषज्ञता का प्रतीक है। नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स बेंगुलुरु में ताइक्वांडो कोचिंग सर्टिफिकेशन मार्शल आर्ट निर्देश के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रेमराज की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस प्रमाणन के साथ, वे न केवल ताइक्वांडो तकनीकों में महारत दिखाते हैं, बल्कि कोचिंग पद्धतियों और एथलीट विकास की गहन समझ भी रखते हैं।

## कुत्तों पर खर्च की जा रही गौवंश संरक्षण की राशि



कोरबा। गौ सेवक अनिल चौरसिया ने पशु चिकित्सको पर आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ प्रदेश मे भाजपा की सरकार होने के वावजुद भी कोरबा जिले मे पशु चिकित्सको के द्वारा शासन की योजना को विफल करने मे लगे हुये है स्थानीय स्तर पर गौ पालको को गौ का नस्ल बदलने की दिशा मे काम नही किया जा रहा है। दुर्घटना ग्रस्त मवेशियो का उपचार नही किया जा रहा है। पशु चिकित्सा के द्वारा केवल जिले में गोवंश की रक्षा करने के बजाय कुत्तों इलाज पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है क्योंकि कुत्ते पलकों से उन्हें व्यक्तिगत लाभ मिल रही है। इस कारण से गौ वंश की मृत्यु दर काफी हद तक बढ़ा हुआ है। जिसके कारण स्थानीय स्तर पर गौ सेवको के द्वारा मवेशियो का उपचार कर गौ वंश की रक्षा किया जा रहा है। पशु चिकित्सक केवल सरकार से घर में बैठे तनख्वाह ले रहे हैं और बिगत 5 साल से अधिक समय से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं। भाजपा की वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक प्रतिनिधि अनिल चौरसिया ने कहा कि पशु चिकित्सकों की लापरवाही को देखते हुए 5 साल से अधिक समय से एक ही स्थान पर पदस्थ सभी पशु चिकित्सकों को तत्काल कोरबा जिले से अन्यत्र स्थानांतरण करने की मांग शासन स्तर पर करेंगे और साथ ही जिला प्रशासन को शासन की योजना का लाभ पशुपालकों को मिले इस दिशा मे कार्यवाही करने हेतु अवगत कराई जाएगी।

### विदेश में कामयाबी का गाड़ा झंडा

कोरबा। ऊर्जा नगरी कोरबा से अब तक अनेक प्रतिभाएं निकली और वे देश में ही नहीं विदेशों में भी कामयाबी का झंडा गाड़ रही हैं। इन्हीं में शामिल हैं बालको के गिरीश सी.एस. जो आज यूके में फार्मा ग्लोबल पार्टनर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं, उन्हें हाउस ऑफ लॉर्ड्स, लंदन में आयोजित ग्लोबल बिजनेस कॉन्क्लेव 2024 में विशिष्ट ग्लोबल पावर लीडर 2024 की उपाधि से पुरस्कृत किया गया है। कोरबा में पले-बढ़े गिरीश जो अब इंग्लैंड में सपरिवार निवास कर रहे हैं, ने केंद्रीय विद्यालय, बालको, कोरबा में अपनी पढ़ाई की और शासकीय महाविद्यालय, कोरबा से अपनी डिग्री हासिल की। उन्होंने आगे नागपुर विश्वविद्यालय से एमबीए किया

## गोपालपुर गोठान से टीन शेड पंप और फेंसिंग तार को पार किया चोरों ने

चैतमा। ग्राम पंचायत गोपालपुर के गोठान की शेड में लगे टीन का छप्पर, मोटर पंप व फेंसिंग तार चोरों ने पार कर दिया है। सत्ता बदलने के बाद से गौठानों की उपयोगिता घटी है। पशुपालकों के खुला में छोड़े मवेशियों से किसानों के फसल को होने वाले नुकसान को रोकने पूर्ववर्ती सरकार ने गांवों में गौठान का निर्माण कराया था, लेकिन अब इन गौठान में मौजूद कीमती सामान पर चोरों की नजर है।ग्रामीणों ने बताया कि चोरों ने बीती रात गोपालपुर के गौठान की शेड में लगे टीन का छप्पर, मोटर पंप व फेंसिंग तार की चोरी कर ली। गौठान का उपयोग अब पशुपालक भी नहीं कर रहे हैं। मगर वहां पर अभी भी कीमती सामान पड़े हुए हैं। चैतमा चौकी में गौठान में कीमती सामान की चोरी होने की सूचना दी है।



## बंद वेव्हपूल में मारपीट-उत्पात करने वालों पर केस

कोरबा। अप्पू गार्डन में रविवार को वेव्हपूल के संचालन के दौरान दीवार फांदकर अनधिकृत प्रवेश करते हुए लड़कों ने जमकर उत्पात मचाया था। इस दौरान उन्होंने लोगों से बेवजह मारपीट, गाली गलौज व तोड़फोड़ की थी।उक्त घटना के बाद नगर निगम ने अप्पू गार्डन सह वेव्हपूल की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए मंगलवार को खुलने वाला वेव्हपूल को तकनीकी सुधार किया जाना बताते हुए बंद रखा गया। गार्डन में सुरक्षा के लिए गार्ड बढ़ाने, सीसीटीवी कैमरे लगाने व दीवार पर मजबूत फेंसिंग कराने की योजना बनाई जा रही है, जिससे वहां पहुंचने वाले लोग पूरी तरह सुरक्षित रहे। दूसरी ओर रविवार को हुए उक्त घटना के दौरान मारपीट करते हुए उत्पात करने वाले लड़कों में बड़ी संख्या में शामिल युवा व किशोरों के खिलाफ सीएसईबी चौकी में केस दर्ज कर लिया है।रिपोर्ट मुड़ापार निवासी सनोज कुमार ने लिखाई है। जिसके मुताबिक रविवार को वह अपने भाई संदीप साहू व अन्य परिचित के साथ अप्पू



गार्डन के वाटर पार्क में नहाने गया था। इस दौरान कुछ लड़कों ने पीछे से आकर सनोज व संदीप से मारपीट की, जिससे उन्हें चोट पहुंची। मारपीट करने वालों को वे नहीं जानते।

आरोपियों की होगी पहचान, जुड़ेंगी अन्य धाराएं पुलिस के मुताबिक सीएसईबी चौक व अप्पू गार्डन के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के साथ ही घटना के दौरान लोगों द्वारा मोबाइल से बनाए गए वीडियो के फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जाएगी। मामले में अभी मारपीट का केस दर्ज हुआ है। नगर निगम के पत्र के आधार पर आरोपियों के खिलाफ गार्डन में अनधिकृत प्रवेश व तोड़फोड़ कर शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धारा भी जोड़ी जाएगी।

## सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रियांशु,गौरव एवं रिद्धिमा बने सिरमौर ,बढ़ाया विद्यालय का मान

कोरबा। परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों का ज्ञान और समझ का मूल्यांकन होता है। परीक्षा विद्यार्थियों को निर्धारित पुस्तकें पढ़ने और समझने के लिए प्रेरित करती है। इसके साथ ही, यह उनके ध्यान और मेहनत को निर्धारित करता है। परीक्षा के द्वारा, शिक्षकों को भी विद्यार्थियों की समझ और तैयारी का अंदाज़ हो जाता है।प्राचीन समय से ही शिक्षा देने के पश्चात छात्र ग्रहण की गई शिक्षा का उपयोग किस प्रकार से करता है यह देखने के लिए परीक्षा ली जाती थी अत: यह सामान्य स्कूली शिक्षा में छात्रों का मूल्यांकन करने के लिए परीक्षा लेना जरूरी है अन्यथा यह बता पाना मुश्किल होगा कि यह छात्र जो भी शिक्षा ग्रहण किया है उसको किस हद तक सीखा है।परीक्षा परिणामों से लेकर जीवन की दौड़ तक में अंकों के महत्व ने व्यक्ति को जीवन से ही दूर कर दिया है। तभी तो हर दूसरे



दिन आत्महत्या करते लोग मृत्यु के अंकों के क्रम को बढ़ाते देखे जाते हैं। वर्तमान में हम जिस तरह की शिक्षा व्यवस्था में हैं, यहां अंक ही छात्र और व्यक्ति के जीवन के मूल्यांकन का अंतिम सत्य है। *इंडस पब्लिक स्कूल दीपका ने सीबीएसई बोर्ड के दसवीं कक्षाके परिणामों के साथ एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। ग्रामीण और प्रतिकूल स्थान पर स्थित इस स्कूल ने अपने छात्रों के शानदार प्रदर्शन के कारण शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय मानक स्थापित किया है। इंडस पब्लिक स्कूल दीपका की सफलता की कहानी केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक छात्र को काबिल बनाने और सशक्त बनाने के अभियान को भी दर्शाती है। उत्कृष्टता के लिए स्कूल की अथक प्रयास छात्रों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में इसके निरंतर प्रयासों में परिलक्षित होती है।छात्रों द्वारा प्राप्त की गई उल्लेखनीय उपलब्धि समर्पित स्टाफ, प्रबंधन और स्वयं छात्रों के अथक दृढ़ संकल्प के सहयोगात्मक प्रयासों का परिणाम है। स्कूल के शैक्षणिक समन्वयक और शिक्षकों ने छात्रों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि की ओर मार्गदर्शन और सलाह देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए कुल 34 छात्रों में से स्कूल ने 100त्न शानदार सफलता हासिल की, जो छात्रों और शिक्षकों दोनों की लगन और दृढ़ता का प्रमाण है। हाल ही में घोषित परीक्षा परिणाम ने यह साबित कर दिया कि आईपीएस दीपका अपनी बेहतर शिक्षा,एवं बेहतर प्रबंधन तथा अनुशासन की बदौलत कोयलांचल में अद्वितीय त्न के असाधारण स्कोर के साथ शीर्ष पर रहे प्रियांशु कुमार देव ने अपनी काबिलियत सिद्ध की एवं विद्यालय का मान बढ़ाया।

## डी.ए.व्ही पब्लिक स्कूल, वसंत विहार का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ठ रहा

कोरबा। सीबीएसई द्वारा घोषित 10वी एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में एसईसीएल वसंत विहार स्थित डीएव्ही पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ठ परिणाम लाए।

कक्षा 10वीं के छात्रों में से 43 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, वहीं 91 छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया है। कक्षा 10 के 38 विद्यार्थियों ने संस्कृत, 03 विद्यार्थियों ने गणित एवं 02 विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय मे शत-प्रतिशत अंक अर्जित किया है। कक्षा 10वीं की टॉपर कुमारी मिखा जैन 99.2 प्रतिश, कुमारी मान्या मिश्रा 99 प्रतिशत एवं कुमारी ध्रुवी पटेल 98.4 प्रतिशत अंक हासिल किए।कक्षा 12वीं के घोषित परिक्षा परिणाम में 11 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक एवं 36 छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं। कक्षा 12वीं की टॉपर कुमारी उर्जा सोनी 93 प्रतिशत (साईस), नीरज पटेल 92.6 प्रतिशत, कुमारी पायल बिस्वाल 92.4 प्रतिशत, विश्व देवांगन 92.2 प्रतिशत (कामर्स) रहे।डीएव्ही स्कूल के छात्र-छात्राओं के इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर स्कूल के प्रिंसिपल श्री के. परथीपन ने सभी बच्चों, उनके पालकों, सभी शिक्षकों, स्कूल स्टाफ को बधाई दी है।



# बदहाल सड़क ने लोगों की मुश्किलों को बढ़ाया



**डभरा।** डभरा से खोंधर मोड़ एसडीएम कार्यालय तक मुख्य सड़क की हालत जर्जर है । इस सड़क पर जगह जगह जानलेवा गड्ढे हो चुके हैं । सड़क का डामर उखड़ गया है। लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं मगर जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं। सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि रोज ट्रक गड्ढ़े में फंस रहे हैं। 11 मई को धान से भरा ट्रक गड्ढ़े में पलटने से बाल बाल बचा है। उसी समय बाइक सवार भी सड़क से गुजर रहे थे वे भी मुश्किल से बचे ।

इन गड्ढों में चारपहिया वाहनों के बोनट टूट रहे हैं तो भारी वाहनों के पट्टे टूट रहे हैंऔर वाहन खराब हो रहे हैं। बाइक चालक और पैदल चलने वालों को तो और अधिक परेशानी हो रही है। डभरा से खोंधर मोड़ तक सड़क पर गड्ढों की गहराई 2 से 3 फीट से अधिक है इसी मार्ग से भारी वाहनों की आवाजाही हो रही है। कई माह बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं हुई है। जबकि सड़क मार्ग पर हर रोज जिला प्रशासन के आला अधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी आवागमन करते हैं फिर भी सड़क की दुर्दशा पर किसी का ध्यान नहीं है जबकि इस सड़क के बारे में ग्रामीणों द्वारा कई बार प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है।

ग्राम सुखापाली के ग्रामीण शिवचंद नारंगे एवं ग्राम बासीन के युवा सौरभ आदित्य ने कहा कि खोंधर मोड़ से कालेज मोड़ डभरा सड़क मार्ग की हालत बहुत ही खराब है रोज आना जाना करते हैं बहुत मुश्किल से जान जोखिम में डालकर डभरा पहुंचते हैं । जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। सड़क की जर्जर हालत के बारे में स्थनीय जनप्रतिनिधि व प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग सक्ती के एसडीओ राकेश द्विवेदी ने बताया कि सड़क मार्ग के बारे में मुझे जानकारी मिली है। शीघ्र ही सड़क मार्ग की मरम्मत कराई जाएगी ।

## प्याऊ घर चलाने वाले स्काउट गाईड के पदाधिकारी हुए सम्मानित




**चांपा-जांजगीर।** भारत स्काउट्स /गाइड्स राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव के निर्देशानुसार भारत स्काउट्स /गाइड्स ज़िला संघ सक्ती में प्याऊ घर का समापन करते हुए समस्त स्काउट /गाइड, रोवर /रेंजर व यूनीट लीडर्स को पुनीत कार्य हेतु जिला कलेक्टर माननीय अमृत विकास तोपनो सहित जिला शिक्षा अधिकारी एन. के चंद्रा ज़िला शिक्षा अधिकारी (पदेन कमिश्नर ) स्काउट, ज़िला पदेन कमिश्नर गाइड श्रीमती पीली गबेल ने शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही सहायक ज़िला शिक्षा अधिकारी आर के अग्रवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सबको सेवाकार्य करते रहने हेतु एवं मानवीय कार्य में अपना योगदान देते रहने हेतु प्रेरित किया गया!

ज़िले में 8 जगह प्याऊ घर का आयोजन हुआ जिसमें 130 स्काउट्स /गाइड्स, रोवर्स /रेंजर्स छात्रों ने अपनी सहभागिता निभायी शा. उ. मा. वि. सपोस (डभरा ), शा. उ. मा. वि. फ़गुरम (मालखरौदा ), हंसल अकेडमी आयोजक सुरेश साहू द्वारा जैजैपुर, संस्कार पब्लिक स्कूल जैजैपुर आयोजक कांशीराम चन्द्रा द्वारा बस स्टैंड जैजैपुर, रानी दुर्गावति ओपन रेंजर दल कुटराबोड़ आयोजक जितेंद्र कुमार राज़ व शहीद भगत सिंह ओपन स्काउट दल आयोजक राम नारायण सायतोड़ा द्वारा राम मंदिर जैजैपुर, स्व. श्रीमती नारायणी देवी की स्मृति में रेल्वे स्टेशन सक्ती, शा. हाई स्कूल परसदाखुर्द व सेजेस कसेरपारा सक्ती द्वारा एक माह तक अनवरत प्याऊ घर का संचालन किया गया।

ज़िला सचिव श्रीमती कमलादपि गवेल ने शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए सबको एकजुट होकर कार्य करते रहने हेतु प्रेरित किया साथ ही यूनिट लीडर्स देव नारायण सिदार, सुश्री सुनीता चौहान, श्रीमती नियति पटेल, संजीव कुमार राठिया, श्रीमती जयंती खमारी,श्रीमती अनिता खाखा, चंद्रकांत राठिया, श्रीमती निखत करिम, प्रमोद कुमार देवान्गन, खगेश भारद्वाज, सुरेंद्र कुमार सिदार, लोकेश जगत सेजेस स्टेशनपारा सक्ती को जिला संगठन आयुक्त स्कॉउट सी एल राठौर, जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती रंजिता राज एवम् ज़िला प्रशिक्षण आयुक्त श्रीमती गीता सायतोड़ा द्वारा समस्त टीम को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की गई हैं!

## 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर हेतु बैठक आयोजित

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ममता यादव एवं जिला खेल अधिकारी प्रमोद बैस की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर हेतु जिला खेल संघों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में संयुक्त कलेक्टर ने 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 मई 2024 से 09 जून 2024 तक आयोजित किया जाना है जिसके लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने कहा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि शिविर में भाग लेने हेतु इच्छुक बालक एवं बालिकाए संबंधित खेल संघ या खेल एवं युवा कल्याण विभाग जांजगीर में अपना आवेदन जमा कर सकते है या जानकारी प्राप्त कर सकते है। प्रशिक्षण में सब जूनियर एवं जूनियर वर्ग के शहरी एवं ग्रामीण बालक/बालिका को भाग लेने की पात्रता होगी। बैठक में विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 263 स्कूलों का निर्माण अधूरा, नए सत्र में होगी परेशानी

**जांजगीर - चांपा ।** पूर्व सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए स्कूल जतन योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत नए स्कूल भवन बनाने से लेकर पुराने स्कूलों की मरम्मत के लिए साढ़े 3 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई थी । इस योजना के तहत 484 स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष और 38 स्कूलों की मरम्मत सहित 522 स्कूलों का काम प्रस्तावित थे लेकिन सालभर बीतने के बाद भी इस योजना के तहत बनाए जा रहे 263 स्कूलों का काम पूरा नहीं हुआ है। जबकि 16 ऐसे स्कूल हैं, जहां टेंडर व अन्य प्रक्रिया समय पर नहीं होने के कारण निर्माण कार्य अब तक शुरू ही नहीं हो पाए हैं। गर्मी की छुट्टी के बाद 15 जून से स्कूल फिर से शुरू होगा। ऐसे में निर्माण और मरम्मत नहीं होने से विद्यार्थी फिर जर्जर भवन में बैठकर शिक्षा प्राप्त करने मजबूर होंगे।वर्ष 2023 में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में नए शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले सीएम स्कूल जतन योजना शुरू की थी। स्कूल निर्माण करने की जिम्मेदारी आरईएस विभाग को दी गई है। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद मई साल 2023 तक सभी निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए समय सीमा तय किया। इसके बाद तत्कालीन कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आरईएस के अधिकारियों को 30 सितंबर तक सभी अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए निर्देश दिए थे। बार-बार अधिकारियों के निर्देश देने के बावजूद जिले में योजना के तहत स्वीकृत काम पूरे नहीं हो पा रहे हैं। पिछले सत्र में स्कूल भवन की कमी व स्कूल बदहाल होने के कारण छात्र छात्राओं को वर्षा के समय परेशानी का सामना करना पडा था और इस साल भी समय पर सरकार द्वारा बनाई कई योजना पूरा नहीं होने के कारण छात्र छात्राओं को परेशानियों को सामना करना पड़ सकता है। शिक्षा विभाग के अफसरों का कहना है कि काम शिक्षा विभाग का है लेकिन काम की पूरी जिम्मेदारी आरईएस और नगरीय निकायों को दे दी गई है।

### बीमा राशि देने से इंकार,अब देना होगा 1 लाख 51 हजार

**जांजगीर-चांपा।** बीमा अवधि में वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने पर मरम्मत खर्च देने से इंकार करने पर 1 लाख 41 हजार 804 रुपए ,मुकदमे का खर्च 10 हजार व मानसिक क्षतिपूर्ति 3 हजार रुपए सहित देना होगा।शिकायतकर्ता बाराद्वार निवासी जयकिशन केडिया ने मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से वाहन आइचर प्रो 2059 एक्स पी मालवाहक क्रमांक सीजी 11 ए एक्स 2437 का बीमा 20जून 2023 से 1 जून 2024 तक के लिए कमर्शियल पैकेज एडऑन बीमा पॉलिसी कराया था ।



# फर्जी ऋण मामले में पटवारी की गिरफ्तारी

**जांजगीर-चांपा ।** 2.5 एकड़ जमीन को फर्जी ढंग से 12 एकड़ दर्ज कराने व गरियाबंद जिले के एचडीएफसी बैंक से इस जमीन को बंधक रख 22 लाख रुपये का लोन लेने के मामले में पुलिस ने ग्राम सिलादेही के तत्कालीन पटवारी दयाराम साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार बिर्रा थाना क्षेत्र के देवरानी निवासी नम्मू लाल पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 2.5 एकड़ खेत को ग्राम पवनी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ निवासी परमानंद कर्ष और उसके दे साथियों ने तत्कालीन हल्का पटवारी से मिलीभगत कर फर्जी तरीके से जमीन का नामांतरण कर बी-1 एवं अन्य दस्तावेज में कूट रचना किया और फर्जी दस्तावेज तैयार कर एचडीएफसी बैंक राजिम जिला गरियाबंद से 22 लाख रुपये का लोन ले लिया। रिपोर्ट पर थाना । बिर्रा में आरोपित परमानंद कर्ष के विरूद्ध भादवि की धारा 420, 467, 468, 471, 34, 120 के तहत अपराध दर्ज किया और आरोपित को उसके घर - से पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।विवेचना के बाद यह जानकारी सामने आई कि तत्कालीन पटवारी दयाराम साहू द्वारा ही जमीन के दस्तावेज में डिजिटल हस्ताक्षर किया गया है। इसी आधार पर परमानंद कर्ष ने राजिम के एचडीएफसी बैंक से 22 लाख का लोन लिया। पुलिस ने आरोपित पटवारी को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में बिर्रा थाना प्रभारी एसआई कृष्णपाल सिंह, एएसआई आरएल यदु, आरक्षक रघुवीर यादव और दीपक तिवारी का योगदान रहा।

# उपभोक्ता को देना होगा एक लाख 51 हजार

**जांजगीर-चांपा।** बीमा अवधि में वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने पर मरम्मत खर्च देने से इंकार करने पर एक लाख 41 हजार 804 रुपये, मुकदमे का खर्च 10 हजार व मानसिक क्षतिपूर्ति तीन हजार रुपये सहित देना होगा।शिकायतकर्ता बाराद्वार निवासी जयकिशन केडिया ने मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से वाहन आइचर प्रो 2059 एक्स पी मालवाहक क्रमांक सीजी 11 ए एक्स 2437 का बीमा 20 जून 2023 से एक जून 2024 तक के लिए कमर्शियल पैकेज एडआन बीमा पालिसी कराया था 1 बीमा अवधि में वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने पर बीमा कंपनी ने मरम्मत में खर्च की गई राशि इस आधार पर देने से इंकार किया कि शिकायतकर्ता ने नाम दावा प्रपत्र में सही विवरण नहीं दिया था तथा वाहन में क्षति पूर्व की है, दुर्घटना के समय की नही है. जिसकी क्षतिपूर्ति राशि देने के कंपनी उत्तरदायी नहीं है। तब शिकायतकर्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के समक्ष शिकायत प्रस्तुत किया। जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू, सदस्य विशाल तिवारी सदस्य महिमा सिंह ने दोनों पक्षों के द्वारा पेश शपथ पत्र, दस्तावेजों का सावधानी पूर्वक अवलोकन कर पाया कि वाहन बीमा अवधि में ही दुर्घटनाग्रस्त हुआ था । वाहन में आई क्षति दुर्घटना के समय की ही है। बीमा कंपनी ने क्लेम से मना कर सेवा में कमी की है। अत: बीमा कंपनी शिकायतकर्ता को क्लेम राशि एक लाख 41 हजार 804 रुपये, मासिक संताप का 10 हजार रुपये तथा वाद व्यय का तीन हजार रुपये आदेश दिनांक से 45 दिनों के भीतर अदा करेगी । नियत अवधि में आदेशित राशि नहीं देने पर आदेश के दिन से भुगतान तक ओदेशित राशि पर छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज देगी । उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 35 के अंतर्गत पेश परिवाद को स्वीकार कर यह आदेश पारित किया गया ।

## सड़क पर बने गड्ढे से दुर्घटना का खतरा

**हसौद ।** जनपद पंचायत जैजैपुर के ग्राम हसौद में पुलिस थाना के लगभग 50 मीटर की दूरी में सड़क पर एक बड़ा गड्ढा बन गया है जिसके कारण आये दिन यहाँ हादसे होते रहता है। पीडब्लूडी के अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी इस समस्या से कोई सरोकार नहीं है। सड़क गड्ढे में तब्दील हो गया है जिसके कारण आए दिन यहां दुर्घटना होती है। लगभग 22 फीट की चौड़ी सड़क में इस जगह केवल 3 फीट ही सही सलामत है। शेष हिस्सा उखड़ चुका है। इसके कारण दुर्घटना का खतरा हमेशा बना रहता है। अभी तक इस गड्ढे के कारण पिछले एक सप्ताह में ही यहाँ पर लगभग पांच हादसे हो चुके हैं। जिसमें वाहन चालक बाल-बाल बचे हैं और उनके वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस गड्ढे से मात्र 100 मीटर की दूरी पर ही पुलिस थाना, तहसील , पटवारी कार्यालय, सहकारी बैंक व अन्य कार्यालय हैं । इसके कारण सड़क पर आवाजाही होती रहती है। इस संबंध में पीडब्लूडी इंजीनियर आशुतोष पटेल को अवगत कराया जा चुका है जिसमें उन्होंने इस गड्ढे को भरकर डामरीकरण करने का आश्वासन दिया था ।

## स्कूटी और बाइक में भिडंत, चार को आई चोटें

**अकलतरा।** ब्लाक आफिस के पास स्कूटी और बाइक में जोरदार भिडंत हो गई। हादसे में स्कूटी सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से उसे बिलौसपुर रेफर कर दिया गया।

नरियरा निवासी श्रुति कर्ष, सिद्धांत निर्मलकर मैहर से आए अपने दोस्त विनायक नियोजन के साथ अकलतरा नाश्ता करने आए थे। प्रकाश कैफे से नाश्ता कर वापस लौट रहेथे कि ब्लाक आफिस के पास शाम के 5:40 बजे विपरीत दिशा से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 11 बीडी 4043 में सवार पोड़ीभाटा निवासी लखन केंवट, मुकेश साहू, अमन मानिकपुरी की तेज रफ्तार बाइक स्कूटी सवार से जा टकराई। बाइक की रफ्तार कितनी तेज थी इसका अंदाजा घटना स्थल में क्षतिग्रस्त बाइक को देखकर लगाया जा सकता है। घटना में स्कूटी सवार श्रुति कर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। डाक्टर के अनुसार सिरपर गंभीर चोट लगने की वजह से खून की उल्टी नहीं रुक रही थी। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बिलासपुर रिफर कर दिया गया।

# आयुष पॉली क्लीनिक भवन निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर के जिला अस्पताल से लगे आयुष पालीक्लीनिक भवन। निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। इसकी शिकायत सीजीएमएससी के अधीक्षण अभियंता से की गई है। अधिकारियों ने मामले की जांच के लिए आदेश दिए हैं। लेकिन जांच अधिकारी मामले की जांच में कोताही बरत रहे हैं। अलबत्ता यहां बिना मापदंड के काम धड़ल्ले से चल रहा है।

आपको बता दें कि जिला अस्पताल के बगल में डीटीओ रोड में आयुष पालीक्लीनिक के लिए भवन निर्माण का काम हो रहा है। भवन की लागत 2- करोड़ 38 लाख 54 हजार रुपए तय की गई है। भवन निर्माण का कार्य बाराद्वार के ठेकेदार मेसर्स लक्ष्य कंस्ट्रक्शन को मिला है। जिसमें शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि भवन निर्माण में तय मानकों के मुताबिक रेत, सीमेंट, सरिया का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इससे भवन की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। शिकायतकर्ताओं ने 10 बिंदुओं में शिकायत की है। जिसमें ठेकेदार ने इस संबंध में शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि भवन निर्माण का काम 2.38 करोड़ का है लेकिन ठेकेदार ने एक से डेढ़ करोड़ में ही काम समेटने की तैयारी में है। ऐसे में भवन निर्माण में क्वालिटी की उम्मीद करना बेमानी साबित होगा। आने वाले दिनों में भवन में दरारें पड़ेगी। साथ ही बारिश के दिनों में भवन में सीपेज की भी समस्या आएगी।

एस्टीमेट के मानकों का पालन नहीं कर रहा है। इससे भवन की गुणवत्ता पर अभी से सवाल उठ रहा है। शिकायत में साफा कहा गया है कि भवन निर्माण में अंबुजा सीमेंट का इस्तेमाल करना है

लेकिन ठेकेदार जेके लक्ष्मी सीमेंट का इस्तेमाल कर रहा है। इससे ठेकेदार सीमेंट में ही लाखों रुपए का घालमेल कर लिया है। वहीं सरिया में कामधेनु, टाटा या जिंदल स्टील का लगाना था लेकिन ठेकेदार ने शुभ गोयल का घटिया सरिया इस्तेमाल कर लाखों रुपए बचा लिया है। इसी तरह प्लाटर में 12 एमएम बाहर तो 10 एमाएम अंदर प्लाटर होना था लेकिन मात्र 2 एमएम का स्लास्टर की लेप लगाई जा रही है। इसी तरह भवन के भीतरी सतह में रेत मुरुम या प्लांट के काले चूरा का इस्तेमाल कर फिलिंग करना, था लेकिन ठेकेदार ने नींव से निकले मिटटी को वहीं के वहीं पाट दिया है। इससे भवन में कभी भी दरारें पड़ सकती है। वहीं फ्लोर में भी रॉड का इस्तेमाल नहीं किया गया है।

## प्रदेश में टॉप में आने सरस्वती शिशु मंदिर के मेधावी छात्रों ने दी परीक्षा

**जांजगीर।** जिले के सरस्वती शिशु मंदिरों के मेधावी छात्रों ने स्टेट में अग्रणी स्थान बनाने के लिए 14 मई को शहर में आकर परीक्षा दी। सरस्वती शिशु मंदिर नैला में चांपा, हटरी चांपा, सक्ती, बाराद्वार, नैला, जांजगीर बलौदा, अकलतरा, सशिमं शिवरीनारायण में शिवरीनारायण पामगढ़, खरौद केरा, नवागढ़ बिर्रा के कक्षा 3 से 11 तक के परीक्षार्थी शामिल हुए। इसमें कक्षा 10वीं और 12वीं को शामिल नहीं किया गया था। प्राचार्य अश्विनी कश्यप, प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में यह परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षार्थियों में इस परीक्षा को लेकर इतना उत्साह था कि सुबह से ही बच्चे अपने शिक्षकों और पेरेंट्स के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचना शुरू हो गए थे। सुबह 11 से 12 बजे तक और दोपहर में 2 से 3 बजे तक 2 चरणों में यह परीक्षा

आयोजित की गई थी। परीक्षा केंद्र के सभी शिक्षक इस परीक्षा को सफल बनाने के लिए लगे रहे। मेधावी आपस में कड़ी प्रतिस्पर्धा की परीक्षा देते दिखाई दिए। सशिसं के संस्कार श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा में कोर्स के अंतर्गत सभी विषयों से समान संख्या में सवाल पूछे गए थे। परीक्षा पीएससी प्रतियोगी परीक्षा पैटर्न पर ली गई। जिनमें बच्चों को चार में से एक सही विकल्प पर गोला लगाना था। कुल 50 सवाल पूछे गए। हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान सामाजिक, विज्ञान, भौतिक रसायन, विज्ञान, पर्यावरण वाणिज्य, आदि पर आधारित सवाल पूछे गए। सभी कक्षाओं में प्रांत में पहला स्थान पाने वालों को 3000 चांदी का पदक, दूसरा स्थान वालों को 2500 और तीसरा स्थान प्राप्त करने वालों को 2000 चांदी का पदक व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

## आत्मानंद स्कूल का नाम नहीं बदलने की मांग

**जांजगीर- चांपा।** आत्मानंद स्कूल का नाम नहीं बदलने की मांग की नगरपालिका परिषद् जांजगीर नैला क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 17 स्थित हाई स्कूल स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल के नाम से संचालित है, जिसे वर्तमान में पीएमश्री के नाम से बदलने के लिए योजना तैयार की जा रही है। इस पर नगरपालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कलेक्टर को इस संबंध में ज्ञापन दिया है।

# राज्य स्तरीय हैमरबॉल सेमिनार एवं सलेक्शन टूर्नामेंट का दो दिवसीय आयोजन



**जांजगीर ।** राज्य स्तरीय हैमरबॉल सेमिनार एवं सलेक्शन टूर्नामेंट का दो दिवसीय आयोजन हाई स्कूल मैदान जांजगीर में एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में 11 से 12 मई तक सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में मुंगेली, महासमुंद, बिलासपुर, रायपुर, राजनांदगांव, मानपुर मोहला, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर चाम्पा जिलों से लगभग 100 महिला, पुरूष हैमरबॉल खिलाड़ियों ने खेल की बारीकियों को सीखा एवं आगामी 9 से 12 जून तक जगन्नाथपुरी ओड़िसा में होने वाली नेशनल हैमरबॉल चेम्पियनशिप के लिए ट्रायल दिए, कार्यक्रम के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्यातिथि अमर सुलतानियाँ (उपाध्यक्ष जिला भाजपा) अध्यक्षता जितेन्द्र तिवारी सचिव जिला ओलम्पिक संघ विशिष्ट अतिथि एस एस बघेल सहायक अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग,वरुण पाण्डेय अध्यक्ष हैमरबॉल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के गरिमामयी आतिथ्य में सम्पन्न हुआ,कार्यक्रम का संचालन अखिलेश आदित्य सचिव हैमरबॉल एवं वीरेंद्र डडसेना कोषाध्यक्ष ने किया उक्त आयोजन में दीपक दुबे बिलासपुर, रूखमणी रानू बलौदाबाजार, सेवती टोप्पो राजनांदगांव, दीपक टण्डन रायपुर, मनीषा चौहान रायपुर, अभिषेक कसेर रायगढ़, सूर्यकांत मिश्रा महासमुंद, का योगदान सराहनीय रहा, समापन अवसर पर सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं ऑफिसियल को मुव्हमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया मुख्यातिथि अमर सुलतानियाँ ने कहा कि जांजगीर जिले को खेल के क्षेत्र में नई इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ विकसित करने के लिए सरकार हर संभव मदद करेगी, नई जनरेशन पर हैमरबॉल एक पारंपरिक खेल होने के साथ साथ मनोरंजनात्मक खेल है जिसमे खिलाड़ी जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेगे, संगठन के मांग पर उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने का आश्वासन दिए जितेंद्र तिवारी ने कहा कि समय समय पर खेलों के आयोजन से खिलाड़ियों को अच्छा प्लेटफार्म मिलता है और खेल के माध्यम से वे अपना सर्वागीण विकास कर सकते हैं कार्यक्रम को एस एस बघेल ने भी सम्बोधित किया।


## आचार्य आवश्यकता

सरस्वती शिशु मंदिर सीएसईबी कोरबा (पूर्व), सीतामढ़ी, बस स्टैण्ड, रजगामार एवं बलगी परियोजना में निम्नानुसार आचार्य आवश्यकता की दृष्टि से आवेदन पत्र आमंत्रित है।

| विषय | शैक्षणिक योग्यता | आवश्यकता संख्या |
|---|---|---|
| हिन्दी | एम.ए. बीएड | 02 |
| अंग्रेजी | एम.ए.बीएड | 01+3 स्पोकन |
| विज्ञान | बीएससी, बीएड | 03 |
| कृषि विज्ञान | बीएससी, बीएड | 01 |
| गणित | बीएससी, बीएड | 02 |
| संस्कृत | एम.ए. बीएड | 01 |
| संगीत शिक्षक | संगीत में स्नातक | 01 |
| टेली, कम्प्यूटर | टेली, बीसीए या समकक्ष | 01 |
| प्राथमिक विभाग हेतु | बीए/बी काम, बीएससी डीएलएड | 09 |

आवेदन जमा करने की तिथि 20.05.2024
साक्षात्कार की तिथि : 24 एवं 25.05.2024 समय - 11:00 बजे
कार्यालय - सरस्वती शिशु मंदिर सीएसईबी कोरबा (पूर्व)

व्यवस्थापक/सचिव
सरस्वती शिक्षा समिति, कोरबा (छ.ग.)



## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पासपोर्ट कार्यालय से दिनांक 19.11.2014 को पासपोर्ट क्र. एम-2911619 जारी किया गया था। मेरे उक्त पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश शिवरंजन सरकार (SHIVRANJAN SARKAR) दर्ज है एवं माता का नाम सविता सरकार (SAVITA SARKAR) लिखा है जबकि मेरे पिता का वास्तविक एवं सही नाम सिबारंजन सरकार, (SIBARANJAN SARKAR) एवं मेरी माता का वास्तविक एवं सही नाम सबिता सरकार, (SABITA SARKAR) है। मैं अपने पिता का वास्तविक एवं सही नाम सिबारंजन सरकार, (SIBARANJAN SARKAR) एवं मेरी माता का वास्तविक एवं सही नाम सबिता सरकार, (SABITA SARKAR) नाम दर्ज कराना चाहती हूं।

भवदीय
श्रूति सरकार
पिता सिबारंजन सरकार
निवासी-मकान नं.455,
अमरैयापारा, शारदा विहार,
कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)


# जय भारत इंग्लिश मिडियम स्कूल के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन

**जांजगीर चाम्पा।** हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिश मिडियम स्कूल जांजगीर का वार्षिक परीक्षा परिणाम रहा सर्वोत्कृष्ठ । दिनाँक 13/05/2024 को सी. बी. एस. सी. द्वारा कक्षा बारहवीं एवं दसवी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर सर्वोकृष्ठ अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन कर गौरवान्वित किया।

जय भारत स्कूल के शिक्षकों ने अन्य गतिविधियों के साथ-साथ पढाने में कोई कसर नहीं छोडी जिसके परिणामस्वरूप छात्र-छात्राओं ने सभी विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

कक्षा बारहवीं में विद्यालय की छात्रा सौम्या नामदेव ने (विज्ञान संकाय) में 95प्रतिशत अंक प्राप्त किया एवं श्रेया अग्रवाल (वाणिज्य संकाय) में 94.2प्रतिशत अंको के साथ बिजनेस स्टडी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में नैतिक गुप्ता 92.4प्रतिशत. हर्षिता रामवानी 90.8प्रतिशत, देवेश साहू 89.8प्रतिशत, पलक शर्मा 89प्रतिशत, कृश मकाडिया 90प्रतिशत, युवराज मकाडिया 89.2प्रतिशत अंको के साथ जिले में अपना श्रेष्ठ स्थान बनाया।

साथ ही साथ कक्षा दसवी में अंकित शर्मा 92प्रतिशत, माही राठौर 91.4प्रतिशत, पियूस श्रीवास 91प्रतिशत, प्रगति गोस्वामी 90प्रतिशत, आसु गुप्ता 89.6प्रतिशत, प्रतीक्षा सिंह 88.4प्रतिशत. अनिकेत राठौर 86.8प्रतिशत. कृतिक गोपाल 85.6प्रतिशत, आयुस पाडे



84.6प्रतिशत, देवराज यादव 83.8प्रतिशत अंको के साथ जिले मे अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

इन सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा एवं अथक प्रयास से शानदार स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया एवं अपने शिक्षकों एवं माता-पिता को गौरवान्वित किया।

विद्यालय के संस्थापक अशोक कुमार गट्टानी तथा श्रीमति गंगा गट्टानी एवं प्रबंधक अजय कुमार गट्टानी तथा श्रीमति सुनीता गट्टानी एवं विद्यालय की प्राचार्या श्रीमति जी. के. घनजल के द्वारा विद्यार्थियों को शुभाषीश देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## अनमोल वचन......

सीढ़ियों की जरुरत उन्हें है जिन्हें छत तक जाना है
मेरी मंजिल तो आसमान है, रास्ता भी खुद ही बनाना है!

# न्यायिक सक्रियता का आगाज

*सर्वोच्च न्यायालय ने आपराधिक मामलों की सुनवाई में अदालतों को सहभागिता-सक्रियता का निर्देश दिया है। कहा है कि अदालतें गवाहों, खास कर गुमराह हुए गवाहों, के बयान दर्ज करने वाला टेप-रिकार्डर भर नहीं हैं। दरअसल, यह पैसिवनेस है, जो दोतरफा मार करती है। पहले तो सरकारी वकील ऐसे गवाहों के प्रति ढीले पड़ जाते हैं। वे उससे जरूरी सवाल भी नहीं करते जिनसे कि उसके मुकरने की सटीक वजह मालूम होती। कोई भी आपराधिक मुकदमा गुमराह गवाहों की बदौलत जीता जाता है। इसमें सरकारी वकील, जो अभियोजन पक्ष के होते हैं, वे अपने पैने सवालों से सच उगलवा सकते हैं, पर वे इन सवालों को जानबूझ कर टाल जाते हैं। उनका यह कतराना भी बिका हुआ होता है, जबकि उन्हें सरकार से मोटी पगार मिलती है।*

*इस स्थिति में बदलाव के लिए सरकारी वकीलों के पदों को वकील की राजनीतिक निष्ठा के आधार पर नहीं, उसकी पेशेवर सक्षमता के अनुसार भरा जाना चाहिए। योग्यता और नैतिक निष्ठा सबसे जरूरी आस्पेक्ट है। गलत और अक्षम वकीलों के चयन से मुकदमा जरूरी स्टेज पर कमजोर होने लगता है। दोषी मुकदमा जीत जाता है। पीड़ित को कभी भरोसा ही नहीं होता कि उसकी सुनवाई निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से होगी, उसे अंततः न्याय मिलेगा।*

*यहां सबसे बड़ी क्षति न्यायाधीशों की अ-सक्रियता से होती है, जब वे अपनी भूमिका को गवाहों के बयान दर्ज करने तक सीमित कर अ-सहभागी हो जाते हैं। यह दोहरा घाटा है। इससे न्याय के उस प्राथमिक सिद्धांत का खंडन हो जाता है, जिसे सुलभ कराने के लिए न्यायपालिका का गठन हुआ है। इससे बचने के लिए सर्वोच्च न्यायालय अदालतों से गवाहों से जिरही होने की ताकीद करती है ताकि सच का खुलासा हो सके। मुकदमे पर रोशनी पड़े।*

*पीड़ितों को न्याय मिले। यह बिल्कुल वाजिब ताकीद है। प्रायःदेखा गया है कि बड़े से बड़ा कांड, यहां तक कि नरसंहार मामलों में भी गवाहों के मुकरने और अदालतों के जिरही न होने से दोषी छूटते रहे हैं। इससे न्याय व्यवस्था की भारी किरकिरी होती रही है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा निर्देश में इस नासूर हो चुकी स्थिति की एक बुनियादी पड़ताल है। अदालतों को सक्रिय होना है। इस अंदाज में कि अपराध का दूसरा पहलू सामने आ सके क्योंकि 'कोई अपराध आखिर में एक व्यक्ति के विरुद्ध ही नहीं, समाज के विरुद्ध भी होता है।' क्या यह न्यायिक सक्रियता का आगाज है। नहीं, इसकी अपनी सीमा है पर यह कई बार न्याय व जन हित में लाजिमी है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। आज छात्रों को अपनी पढ़ाई के प्रति और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। लापरवाही का असर आपके रिजल्ट पर पड़ सकता है। किसी मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश करें।

**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय जरुर लें। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा। आज कोई नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी।

**कर्क राशिः** आज अकारण शुरू हुई बाधाएं पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप विदेश में व्यपार करने की योजना बनाएंगे। आपकी सोशल मीडिया पर किसी से बात हो सकती है जिससे आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा। सिंह राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज रुके हुये कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अपने सीनियर्स से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। लवमेट शाम को डिनर साथ में करेंगे, जिससे उनके बीच में और प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आएंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक हो सकते हैं। मिलजुल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आज कम्युनिकेशन के वक्त अपनी बात सही तरह से रखना आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप कॉन्फिडेंस के साथ एक नई शुरुआत करेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। किसी रिश्तेदार से चलती आ रही अनबन आज खत्म हो जाएंगी। आपको अधिक खाने-पीने से बचना चाहिए और सेहत का ध्यान रखना चाहिए।करोबार में बरकत होगी। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। आप अपने भाई-बहनों के साथ किसी दर्शनीय स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी विपरीत परिस्थिति में अपने धैर्य को बनाएंगे रखेंगे। आज बच्चों की किसी विशेष समस्या का हल मिलने से राहत मिलेगी। आपका मानसिक सुकून बना रहेगा। कोई धार्मिक यात्रा संबंधी प्रोग्राम भी बन सकता है। आपका मिलनसार व्यवहार आपको लोगों का प्रिय बना देगा। आपके विरोधी आपके बारे में अफवाहें फैलाने का काम कर सकते हैं आप उनको नजरंदाज करें और आगे बढ़ें।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा रखें। आज आप दिन की शुरुआत में ही अपने कार्यों की प्लानिंग कर लेंगे। आज किसी खास व्यक्ति के सहयोग से आपके रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज कामकाज को पूरी गंभीरता से करेंगे। घर के वरिष्ठ लोगों का सहयोग भी बना रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं से संबंधित व्यवसाय में अच्छा मुनाफा होगा। आज घर में किसी बच्चे की किलकारी संबंधी शुभ सूचना मिलने से खुशी भरा माहौल बन जाएगा।

# के-फैक्टर भाजपा को कैच-अप खेलने के लिए कर रहा मजबूर

**एक घायल शिकार से अधिक खतरनाक कुछ भी नहीं है, जैसा कि हर शिकारी, शिकारी या बाघ जानता है। जीवित रहने की प्रवृत्ति उड़ान या लड़ाई का आग्रह करती है, आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने तानाशाही को हराने के वादे के साथ पिछले हफ्ते दिल्ली की तिहाड़ जेल से बाहर निकलते ही अपनी लड़ाई शुरू कर दी। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि नरेंद्र मोदी का मिशन विपक्ष और यहां तक कि भाजपा नेताओं को भी बंद करके एक राष्ट्र-एक नेता स्थापित करना है, जो भी कर्णधार के लिए विकल्प और चुनौती पेश करते हैं।**

रोओ कहर! और, युद्ध के कुत्तों को छोड़ दो बिल्कुल यही श्री केजरीवाल की शुरुआती चेतावनी जैसा लगता है। श्री केजरीवाल ने जिस तबाही का वादा किया है वह प्रधानमंत्री के पक्ष और विपक्ष में भयंकर ध्रुवीकरण है। श्री केजरीवाल के उत्तेजक सवाल - भाजपा का प्रधानमंत्री पद का चेहरा कौन होगा। पर भाजपा के संगठनात्मक और रणनीतिक मास्टरमाइंड अमित शाह की प्रतिक्रिया की तीव्रता और गति। - और उनका समान रूप से चिड़चिड़ा जवाब, अमित शाह को तब स्थापित किया जाएगा जब मोदी सितंबर में 75 वर्ष की आयु में पद छोड़ देंगे, यह आप नेता के प्रभाव और व्यवधान की संभावना का एक उपाय है। जैसा कि देश ने सोमवार को आम चुनाव के चौथे चरण में मतदान किया, केजरीवाल फैक्टर बिल्कुल वही है जिसकी भाजपा और श्री मोदी को आवश्यकता नहीं थी। भले ही चरण 3 में मतदाता मतदान में वृद्धि हुई, तथ्य यह है कि 2024 के चुनाव में श्री मोदी के लिए कोई लहर नहीं है, यहां तक कि कोई लहर भी नहीं है। प्रचार अभियान में उनकी वापसी बिल्कुल वैसा ही मनोबल बढ़ाने वाली है जिसकी क्षेत्रीय दलों और नेताओं को जरूरत थी। उनकी चेतावनी कि तृणमूल कांग्रेस की संस्थापक ममता बनर्जी को एजेंसियाँ किसी भी समय उठा सकती हैं, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के संदेह की पुष्टि है कि 2024 का चुनाव जीतने के लिए श्री मोदी की रणनीति में क्षेत्रीय नेताओं को चुनना और उन्हें जेल भेजकर निष्क्रिय करना शामिल है। क्षेत्रीय पार्टी और स्थानीय प्रभावशाली नेताओं को अपनी लामबंदी मजबूत करने और भाजपा के खिलाफ युद्ध छेड़ने का आह्वान करके, श्री केजरीवाल का जुआ स्पष्ट है, श्री मोदी और उनके समर्थकों को हराने के लिए भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन ब्लॉक पार्टियों का एकीकरण। यह उन व्यथित भाजपा नेताओं और उनके घटकों की भावनाओं से भी खेलता है जो मोदी-अमित शाह-जे.पी. के बाद बेचैन हो गए हैं। नड्डा ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की एक सूची की घोषणा की, जिसमें अन्य दलों, विशेषकर कांग्रेस से बड़ी संख्या में दलबदलू शामिल थे, जो क्षत्रिय वोटों को प्रभावित करने में सफल रहे और आदिवासी और दलित समुदायों को साधने में कामयाब रहे, जो इस बात से सहमत नहीं हैं कि भाजपा की वापसी होगी। इसका मतलब आरक्षण को खत्म करना नहीं है क्योंकि वे इसे 1950 से जानते हैं। जैसे ही सोशल मीडिया पर गुजरात से लेकर राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक तक अपने गढ़ों में भाजपा की सीटें हारने की संभावना को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं, श्री केजरीवाल की सख्त चेतावनियां पुष्टि और सत्यापित और अप्राप्य दोनों तरह की सूचनाओं के विशाल नेटवर्क में पहुंच जाएंगी। . इसकी शुरुआत पहले ही हो चुकी है कि बीजेपी ने जोरदार ढंग से यह दावा किया है कि वह 400 से अधिक सीटें जीतेगी, जिससे पता चलता है कि पार्टी को लगता है कि श्री केजरीवाल का मुकाबला करना जरूरी है। किसी अभियान में पिच और धारणा का सही होना बेहद मायने रखता है; 2014 में, श्री मोदी की सबका साथ-सबका विकास की पिच और राम मंदिर के साथ आर्थिक विकास के गुजरात मॉडल ने मतदाताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। 56 इंच की छाती के दावे में सन्निहित उनकी आक्रामक मर्दानगी मनमोहन सिंह के कम महत्वपूर्ण व्यक्तित्व के बिल्कुल विपरीत थी। 2024 में, श्री मोदी ने विकसित भारत के साथ शुरुआत की, जिसका लक्ष्य 2047 की अर्थहीन समाप्ति तिथि है। चरण 2 से, विकसित भारत को मंगलसूत्र-मुस्लिम-विरासत कर के रूप में छोड़ दिया गया और पाकिस्तान की साजिश ने कब्जा कर लिया। श्री केजरीवाल और आई.एन.डी.आई.ए. से मुकाबला करने के लिए बदलती कहानी को फिर से तैयार करना होगा। ब्लॉक या उसे यह स्वीकार करने के लिए सामना करना होगा कि वह उस मौखिक लड़ाई से भाग रहा है जो अब भारत के चुनावी इतिहास में बिना किसी समानता के मुक्केबाजी मैच है। भाजपा को कभी भी इस तरह की चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा है, जहां उसका न तो अपने स्वयं के आख्यान पर नियंत्रण है और न ही व्यापक राजनीतिक प्रवचन पर। जैसे-जैसे यह कैच-अप गेम के शुरुआती चरणों से गुजर रही है, भाजपा किसी भी अन्य पार्टी की तरह ही प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए संघर्ष करती दिख रही है। श्री केजरीवाल की कैद और रिहाई ने जो रेखा खींची है वह भाजपा-विरोधियों को भाजपा से अलग करती है; दूसरे शब्दों में, शत्रु आई.एन.डी.आई.ए.के अंदर और बाहर सभी दलों के लिए समान है। ब्लॉक. यह उतना ही चालाक और जोखिम भरा है जितना यह हो सकता है, लेकिन श्री केजरीवाल अपने मित्रों को आई.एन.डी.आई.ए. में धकेलने को लेकर आश्वस्त दिख रहे हैं।

सात चरणों के चुनाव के शेष चरणों में कांग्रेस सहित गुट और मजबूती से लड़ेगा। यह विकल्प को किनारे करने और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक टॉनिक हो सकता है कि आप में भाजपा की तुलना में अधिक सीटें जीते, जिसने 2019 के लोकसभा चुनाव में सभी सात सीटें जीतीं। दो बड़े मुद्दे जिन्हें के कारक ने छाया से बाहर खींच लिया है और सुर्खियों में ला दिया है, वे हैं भ्रष्टाचार-सत्ता का दुरुपयोग और अधिक और बेहतर लोक कल्याण उपाय। अब ख़त्म हो चुके चुनावी बांड के माध्यम से किस पार्टी को कितना मिला, इसके जबरन खुलासे से श्री मो के नेतृत्व वाली भाजपा परेशान हो गई। डि ने क्षति सीमित करने की कवायद शुरू की। मोदी सरकार ने धार्मिक पहचान की राजनीति को आगे बढ़ाकर और बहुसंख्यक उन्माद को भड़काने वाले भाजपा के समय-परीक्षणित सांप्रदायिक विभाजनकारी एजेंडे पर वापस आकर जो राहत हासिल करने की कोशिश की थी, वह खत्म हो गई है। श्री केजरीवाल के एक घायल शिकार के रूप में पुनः प्रवेश से पहले ही राजनीतिक चर्चा भाजपा और श्री मोदी से दूर होने लगी थी।

# प्रवासी कामगारों से मजबूत होती अर्थव्यवस्था

//ललित गर्ग//

**भारत में अनुमानित 1.8 करोड़ लोग अंतरराष्ट्रीय प्रवासी के रूप में काम करने के लिए विदेश जाते हैं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियरों, डॉक्टरों आदि जैसे पेशेवरों का अनुपात बढ़ गया है। इनके वेतन ज्यादा होता है और वे बड़ी मात्रा में पैसा भारत भेजते हैं।**



इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) की 7 मई 2024 को जारी विश्व प्रवासन रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में भारत विदेशों में काम करने वाले भारतीय कामगारों से सबसे ज्यादा धन पाने वाले देशों के रूप में सूचीबद्ध हुआ है। मैक्सिको, चीन, फिलीपींस व फ्रांस जैसे देश भी इस सूची में भारत की तुलना में नीचले पायदानों पर है। भारत के लिये यह गौरव की बात है और इससे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनने के भारत के प्रयासों को भी बल मिलेगा। नया भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण में विदेशों में रह रहे भारतीय कामगारों ने अपने खून-पसीने की कमाई से अर्जित धनराशि में से वर्ष 2022 में 111 बिलियन डॉलर अपने देश भेजे हैं। यह आंकड़ा जहां विश्व में भारतीय श्रमशक्ति की गौरवपूर्ण गाथा को दर्शाता है, वहीं देश की अर्थव्यवस्था में उनके अमूल्य योगदान को दिखाता है। आईओएम की ताजा रिपोर्ट वैश्विक प्रवास पैटर्न में महत्त्वपूर्ण बदलावों का खुलासा करती है, जिसमें विस्थापित लोगों की रिकॉर्ड संख्या और अंतर्राष्ट्रीय प्रेषण में बड़ी वृद्धि शामिल है। पूरे विश्व में अनुमानित 281 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों के साथ, संघर्ष, हिंसा, आपदा और अन्य कारणों से विस्थापित व्यक्तियों की संख्या आधुनिक रिकॉर्ड में उच्चतम स्तर तक बढ़ गई है, जो 117 मिलियन तक पहुँच गई है, जो विस्थापन संकट को संबोधित करने की तात्कालिकता को रेखांकित करती है। भारत में अनुमानित 1.8 करोड़ लोग अंतरराष्ट्रीय प्रवासी के रूप में काम करने के लिए विदेश जाते हैं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियरों, डॉक्टरों आदि जैसे पेशेवरों का अनुपात बढ़ गया है। इनके वेतन ज्यादा होता है और वे बड़ी मात्रा में पैसा भारत भेजते हैं। इनके अलावा भारतीय कामगार भी बड़ी संख्या में विदेशों में अपने श्रम से धन अर्जित करके न केवल अपने परिवारों का पालन-पोषण करते हैं बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं। निश्चित रूप से यह उन कामगारों के भारत के प्रति आत्मीय लगाव एवं देशप्रेम को ही दर्शाता है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में योगदान करने वाले इन श्रमवीरों के प्रति देश कृतज्ञ है। निश्चित रूप से इसका भारतीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, वहीं दुनिया में भारतीय श्रम-शक्ति एवं प्रतिभाएं अपनी क्षमता, कौशल एवं प्रतिभा से विपुल आर्थिक, सामाजिक एवं विकासमूलक योजनाओं की नयी संभावनाओं के द्वार खोलती है, जिससे दुनिया में भारत की ताकत को नये पंख लगते हैं।भारतीय कामगारों, विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं एवं कौशल के लिए शीर्ष प्रवासन गलियारे संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब हैं जबकि राजनीतिक कारणों से भारत में प्रवेश करने वाले प्रवासियों की सबसे अधिक संख्या बांग्लादेश से आती है। प्रश्न है कि भारतीय कामगार एवं प्रतिभाएं जितनी बड़ी संख्या में विदेशों में जाकर अपनी क्षमताओं एवं प्रतिभा का लोहा मनवा रही है, विदेशी प्रतिभाएं उतनी संख्या में भारत नहीं आ रही है। वोट बैंक बढ़ाने के लिये बांग्लादेश आदि पडौसी देशों से गरीब एवं मुसलमानों का बड़ी संख्या में देश में आना, यहां के विकास को अवरोध करता है। इस तरह के लोगों के आने से देश में जनसंख्या बढ़ रही है, वही उनका भारत के विकास में योगदान नगण्य है और उनका भारत से कोई मजबूत एवं आत्मीय रिश्ता भी कायम नहीं हो पाता है, यह एक समस्या के रूप में भारत के विकास को बाधित करता है।

दुनिया में भारतीय श्रम एवं कौशल की बड़ी मांग है। क्योंकि भारतीय मजबूर मेहनती, ईमानदार एवं कार्यनिष्ठ होते हैं। विकसित देशों में श्रमिकों की भारी कमी के बीच खेती, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में काम करने के वास्ते भारतीय कामगारों को विदेश भेजने के लिए विकसित देशों के साथ द्विपक्षीय समझौते करने का भारत सरकार का इरादा है। भारत सरकार उन देशों के साथ एग्रीमेंट करने जा रही है, जहां आबादी तेजी से घट रही है। वैसे हम पहले ही जापान और फ्रांस के साथ लेबर सप्लाई एग्रीमेंट कर चुके हैं। इजरायल के साथ भी एक करार है, जिसके तहत हजारों भारतीय वहां खेती और मजदूरी के लिए भेजे जा रहे हैं। यूनान ने भारत से संपर्क किया है कि वह कृषि क्षेत्र में काम करने वाले लगभग 10,000 कामगारों को उसके यहां भेजे।

विदेशों से धन भेजने के आकंड़े का बढ़ना दर्शाता है कि प्रवासियों का अपनी मातृभूमि के बीच कितना मजबूत, आत्मीय व स्थायी संबंध है। लेकिन इसके साथ ही भारत सरकार का दायित्व बनता है कि इस उपलब्धि की खुशी मनाते वक्त प्रवासियों के सामने आने वाली चुनौतियों को भी पहचाना जाए और उनका समाधान किया जाये। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट बताती है कि प्रवासी कामगारों को वित्तीय शोषण, प्रवासन लागत के कारण बढ़ते ऋण दबाव, नस्लीय भेदभाव व कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिनके निराकरण के लिए गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत अपने प्रवासी कामगारों की समस्याओं के समाधान के लिये संबंधित देशों से रणनीतिक तरीकों से रास्ता निकालना चाहिए। निस्संदेह, भारत सरकार को प्रवासी कामगारों की समस्याओं के समाधान के लिये हमारे दूतावासों के जरिये विशेष कदम उठाने चाहिए। दरअसल, खाड़ी सहयोग परिषद के राज्यों में जहां बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी कार्यरत हैं, उनके अधिकारों का उल्लंघन जारी है। खासकर कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय कामगारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेष तौर पर अर्द्ध-कुशल श्रमिकों और अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों के कई तरह के संकटों को बढ़ा दिया था। बड़ी संख्या में उनकी नौकरियां खत्म हुई, वेतन नहीं मिला। सामाजिक सुरक्षा के अभाव में कई लोगों को कर्ज में डूबना पड़ा। जिसके चलते बड़ी संख्या में ये कामगार स्वदेश लौटे। अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण संस्थानों की तरफ भारतीय छात्रों के बढ़ते रुझान की ओर भी आईओएम की अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट इशारा कर रही हैं। बहरहाल, प्रवासन के बदलते परिदृश्य में प्रवासी भारतीयों के अधिकारों व हितों की रक्षा के लिये ठोस प्रयासों की जरूरत है। किसी भी तरह श्रमिकों का शोषण न हो और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को संबोधित करने की जरूरत है।

साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि भारतीय कामगारों के लिये सुरक्षित व व्यवस्थित प्रवासन मार्ग संभव हो सके। यह समावेशी विकास की पहली शर्त भी है। हमारा नैतिक दायित्व बनता है कि विदेशों में कामगारों के हितों की रक्षा के साथ ही भारत में रह रहे उनके परिवारों का भी विशेष ख्याल रखा जाए। जिससे उनका देश के प्रति लगाव और गहरा हो सके। सरकार कामगारों को विदेश भेजने की पहल में काफी सक्रिय दिख रही है। कम से कम दो जरूरी बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए। पहला, जिन कामगारों की बात की जा रही है वे ज्यादा पढ़े-लिखे या कुशल नहीं हैं, ऐसे में यह जरूरी है कि इन लोगों का चयन पारदर्शी तरीके से हो।

अगर जरूरत पड़े तो इस प्रक्रिया में किसी तीसरे भरोसेमंद पक्ष को भी शामिल किया जाए। दूसरी बात, अलग-अलग देशों में जैसे-जैसे भारतीय मजदूरों की संख्या बढ़ेगी, भारत को अपनी राजनयिक मौजूदगी बढ़ाने पर विचार करना चाहिए ताकि वहां काम करने वाले भारतीयों की परेशानियों का जल्दी समाधान हो सके। सरकार की इस पहल का स्वागत कई कारणों से अवश्य किया जाना चाहिए। भारत में कुशल और मेहनती कामगारों की तादाद बहुत ज्यादा है। कई वर्षों से संगठित और अनौपचारिक तरीके से ये कामगार कई देशों में जाते रहे हैं और इसका अंदाजा विदेश से भारत भेजी जाने वाली राशि से मिलता है। भारत भी अपने व्यापारिक साझेदार देशों के साथ किए जाने वाले विभिन्न समझौतों में भी कामगारों की आवाजाही की वकालत करता रहा है।

## तस्वीरों की दुनिया



महाराजगंज में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल सिंह यादव और अन्य नेताओं के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे।



पटना के विजय निकेतन में लोगों ने पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी के पार्थिव शरीर को अंतिम विदाई दी।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पंजाब के रूपनगर में अपना नामांकन दाखिल करने से पहले एक रोड शो के दौरान आनंदपुर साहिब लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सुभाष शर्मा के साथ।



प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश के अमेठी में लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार के दौरान जनता को संबोधित किया।



नई दिल्ली में प्रमुख हस्तियों के भाजपा में शामिल होने के बाद दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पूर्वी दिल्ली से उमीदवार हर्ष मल्होत्रा ने मीडिया को संबोधित किया।



उत्तर प्रदेश के वाराणसी में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले एचएएम-एस प्रमुख जीतन राम मांझी, एलजेपी (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी प्रमुख पशुपति कुमार पारस और अन्य एनडीए नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया।



दिल्ली के चार अस्पतालों के बाद नई दिल्ली में दीप चंद बंधु अस्पताल के बाहर लोगों को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली।

# एक ब्राह्मण, दो पिछड़ा वर्ग और एक अनुसूचित जाति का प्रस्तावक, पीएम मोदी के नामांकन में ये चार लोग क्यों



**वाराणसी, 15 मई [एजेंसी]।**

चुनावों में प्रस्तावक की भूमिका अहम होती है। ये वह लोग होते हैं जो किसी उम्मीदवार के नाम का प्रस्ताव रखते हैं। अमूमन, नामांकन के लिए किसी राष्ट्रीय पार्टी के लिए दो और निर्दल के लिए 10 प्रस्तावकों की जरूरत होती है। कई बार तो प्रस्तावक चुनाव का रुख बदल देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भोलेनाथ की नगरी काशी से तीसरी बार 'चुनावी रणघोष' किया है। 2014 और 2019 की तरह इस लोकसभा चुनाव में भी उनके चार ही प्रस्तावक रहे। लेकिन इस बार प्रधानमंत्री ने प्रस्तावकों के बहाने जातीय समीकरण को साधने की कोशिश की है। प्रस्तावकों में एक ब्राह्मण, दो पिछड़ा वर्ग और एक अनुसूचित जाति वर्ग से हैं। बनारस में ब्राह्मण मतदाता सबसे अधिक हैं।

कैंट विधानसभा क्षेत्र में गंगा के किनारे का क्षेत्र ब्राह्मण बहुल है। दूसरे स्थान पर पिछड़ा वर्ग हैं, इसमें बिंद, निषाद, पटेल, राजभर और मौर्य समेत कई जातियां शामिल हैं। सेवापुरी और रोहनिया में पटेल समाज की अधिकता है। उत्तरी, दक्षिणी और कैंट में मुसलमानों की संख्या ठीक है, लेकिन 20 प्रतिशत अनुसूचित समाज के वोटर हमेशा ही निर्णायक रहे हैं। पीएम मोदी के प्रस्तावक ज्योतिषाचार्य गणेश्वर शास्त्री ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त निकाला था। ये ब्राह्मण समाज से ही हैं, काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण का शुभ मुहूर्त भी इन्होंने ही निकाला था। वह जगतगुरु रामानंदाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किए जा चुके हैं। वह दक्षिण भारत से काशी आए और रामघाट क्षेत्र में गंगा किनारे कई पीढ़ी से रहते हैं। बैजनाथ पटेल पिछड़ा वर्ग समाज से आते हैं और जनसंघ के पुराने कार्यकर्ता रहे। लालचंद कुशवाहा भी ओबीसी समुदाय से हैं, सेवापुरी गांव में रहते हैं। रोहनिया विधानसभा में करीब दो लाख से ज्यादा वोटर इन्हीं के समाज से हैं, जबकि संजय सोनकर अनुसूचित जाति से हैं। उनकी भी समाज में गहरी पैठ है। प्रधानमंत्री के प्रस्तावकों पर पखवारे भर से चर्चा चल रही थी। अंतिम समय तक असमंजस की स्थिति बनी रही। सबसे पहले 50 लोगों की सूची तैयार की गई थी, लेकिन बाद में इनमें से 26 नाम अलग किए गए और समग्र सूची प्रधानमंत्री को भेजी गई। इन नामों पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल के साथ गृह मंत्री अमित शाह की लंबी मंत्रणा हुई और अंतिम चारों नाम तय किए गए।

### फ्लोरिडा में मजदूरों से भरी बस ट्रक से टकराई दुर्घटना में आठ की मौत, कई की हालत गंभीर

**फ्लोरिडा।** फ्लोरिडा में मंगलवार को एक भीषण हादसा हो गया जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई। इस मामले पर अधिकारियों ने कहा कि मंगलवार को उत्तरी फ्लोरिडा में मजदूरों को ले जा रही एक बस एक पिकअप ट्रक से टकरा गई और फिर पलट गई, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई और आठ गंभीर रूप से घायल हो गए। मजदूर डकुनेलोन में कैनन फार्म्स में खरबूजे तोड़ने के लिए जा रहे थे, जब उनकी बस मंगलवार सुबह वेस्ट स्टेट रोड 40 पर पलट गई। इसके बाद राजमार्ग पर गश्त कर रही पुलिस ने बचावा अभियान चलाया। बस में कुल 53 लोग सवार थे।मैरियन काउंटी फायर रेस्क्यू के सार्वजनिक सूचना अधिकारी जेम्स लुकास ने कहा, अन्य 37 यात्रियों को मामूली चोटों के लिए अस्पतालों में पहुंचाया गया।

# मेरे ऊपर फर्जी मुकदमा दर्ज है वरना, धनंजय सिंह ने भाजपा का साथ देने का किया ऐलान



**जौनपुर।** पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने अपने समर्थकों के साथ बैठक कर भाजपा का साथ देने के लिए मंच से ऐलान किया। पूर्व सांसद के इस कदम से जिले की राजनीति में सरगर्मी बढ़ गई है। इसी के साथ उनके रुख को लेकर अटकलों व कयासों को भी विराम लग गया है। कुछ दिन पहले धनंजय सिंह ने अपनी पत्नी श्रीकला सिंह को बसपा के टिकट पर जौनपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा था, लेकिन नामांकन करने के बाद श्रीकला सिंह टिकट कटने के बाद मैदान से हट गईं। उनके हटने के कारणों को लेकर भी आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला था। बसपा ने सिटिंग सांसद श्याम सिंह यादव को टिकट देकर मैदान में उतारा है। आझूराय इंटर कॉलेज शेरवां परिसर में आयोजित जन बैठक में पूर्व सांसद ने कहा कि प्रदेश में एक अच्छी सरकार चल रही है। आप लोग भारतीय जनता पार्टी को वोट करें। उनके इस निर्णय से परिसर के जय श्रीराम का उद्घोष होने लगा। कहा, इस चुनाव में मैं नहीं हूं। ऐसे में हम लोगों को यह निर्णय लेने का समय है।

इस बैठक में विभिन्न संगठनों से जुड़े हुए लोग आए हैं, उन लोगों ने भी मेरा भरपूर साथ दिया। मुझे यह कहने में जरा भी गुरेज नहीं कि भाजपा इस चुनाव में जनपद में पिछड़ रही है। धनंजय ने कहा, 'भाजपा से जुड़े हुए लगभग सत्तर प्रतिशत लोग मेरे साथ थे, क्योंकि 2002 से 2014 तक उनके हितों को रक्षा हम-आप करते रहे हैं। राजनीति में कभी भी हमने भेदभाव नहीं किया। राजनीति में कभी भी भाषा खराब नहीं करनी चाहिए'। धनंजय ने कहा, 'मेरा यह निर्णय जौनपुर की बेहतरी के लिए लिया गया है। लोकतंत्र में कोई व्यक्तिगत लड़ाई नहीं होती। मेरे ऊपर फर्जी मुकदमे दर्ज हैं। मैं सरकार से भी कह देना चाहता हूं कि धनंजय सिंह ही नहीं, बल्कि किसी भी व्यक्ति के ऊपर कभी भी फर्जी मुकदमे नहीं कायम होने चाहिए। नाजायज किसी को भी अपराधी बनाने की प्रक्रिया से सरकारों को भी बचना होगा'। धनंजय ने आगे कहा, 'मेरे ऊपर फर्जी मुकदमा दर्ज है, वरना मैं निर्दल चुनाव लड़ता। मेरी पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर जितना काम की हैं उतना शायद ही किसी जिला पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल में हुआ होगा'।वक्ताओं में मुख्य रूप से पूर्व आयकर आयुक्त गौरी शंकर सिंह, प्रमुख सिकरारा संजय सिंह, सहित अन्य रहे। संचालन ओम प्रकाश सिंह ने किया।

# रफाह के भीतर पहुंचे इजरायली टैंक, 5 लाख फलस्तीनियों ने किया पलायन! युद्धविराम के भी थमे प्रयास

**यरूशलम, 15 मई [एजेंसी]।**

मिस्र सीमा पर बसे गाजा के शहर रफाह के पूर्वी भाग में इजरायल के टैंक और अंदर तक पहुंच गए हैं और वहां पर लड़ाई जारी है। गाजा के अन्य हिस्सों में भी लड़ाई चल रही है। हमास और इस्लामिक जिहाद ने कहा है कि जबालिया में उनके लड़ाके इजरायली सेना से लोहा ले रहे हैं। इस लड़ाई में अभी तक 35,173 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। सहयोगी देशों के लगातार आगाह किए जाने के बावजूद इजरायली सेना रफाह में आगे बढ़ती जा रही है और वहां पर उसकी हमास के लड़ाकों से लड़ाई चल रही है।

इजरायल ने कहा है कि क्षेत्र में हमास की चार बटालियन मौजूद हैं। इस बीच, इजरायली सेना की चेतावनी पर रफाह से करीब 4,50,000 फलस्तीनियों के बाहर जाने की सूचना है। लेकिन अभी लाखों फलस्तीनी शरणार्थी रफाह में मौजूद हैं। गाजा के बीत लाहिया क्षेत्र में इजरायली हमले में सात लोगों के मारे जाने और कई के घायल



होने की सूचना है। उधर, हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने गाजा पर इजरायली कार्रवाई पर सुनवाई फिलहाल रोक दी है। याचिकाकर्ता दक्षिण अफ्रीका ने कहा है कि वह शुक्रवार को मामले में पूरक प्रार्थना पत्र दाखिल करेगा। इस बीच कतर ने कहा है कि उसने गाजा में युद्धविराम के प्रयास रोक दिए हैं। इजरायली हमलों में गाजा में हो रही मौतों पर नजर रख रही संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने महिलाओं और बच्चों की मौत के आंकड़ों को कम बताया है। गाजा के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में हुई मौतों से लगभग आधी संख्या संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) के आंकड़ों में सामने आई है। ओसीएचए के अनुसार आठ मई तक गाजा में इजरायली हमलों में 4,959 महिलाएं और 7,797 बच्चे मारे गए। जबकि गाजा के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार सात अक्टूबर, 2023 से छह मई, 2024 तक 9,500 महिलाएं और 14,500 बच्चे मारे गए हैं। युद्ध और उत्पीड़न के शिकार फलस्तीनी बुधवार को नकबा की 76 वीं वर्षगांठ मनाएंगे। अरबी कैलेंडर के अनुसार 1948 में इसी दिन बंदूक की नोक पर सात लाख फलस्तीनियों को उनके घर से बेदखल कर दिया गया था और वे शरणार्थी बन गए थे। लोग अपना सब कुछ छोड़कर घरों में ताले लगाकर इस उम्मीद से चले आए थे कि कभी वापसी होगी लेकिन वापसी का वह दिन कभी नहीं आया।उनकी छोड़ी हुई धरती पर आज इजरायल बसा हुआ है और फलस्तीनी गाजा व वेस्ट बैंक में शरणार्थी के रूप में रह रहे हैं।

### भारतीय सैन्य पायलटों ने नहीं किया अनाधिकृत अभियान भारत ने मालदीव के रक्षा मंत्री के दावे को किया खारिज



**माले।** भारत ने मालदीव के रक्षा मंत्री घासन मौमून के दावे को खारिज कर दिया। मौमून ने गत शनिवार को पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया था कि मालदीव में तैनात भारतीय सैन्य हेलीकॉप्टर पायलटों ने 2019 में अनाधिकृत अभियान किया था। इस दौरान उन्होंने भारतीय सैन्य कर्मियों द्वारा संचालित दो में से एक हेलीकॉप्टर को बिना अनुमति के थिमाराफिशु में उतारे जाने की घटना का जिक्र किया था। मालदीव में भारत के उच्चायुक्त ने कहा कि मालदीव में भारतीय विमानन प्लटेफार्म हमेशा मालदीव राष्ट्रीय सुरक्षा बल (एमएनडीएफ) की सहमत प्रक्रियाओं और उचित प्राधिकरण के अनुसार संचालित होते हैं। रक्षा मंत्री मौमून की टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए उच्चायोग ने कहा कि गत नौ अक्टूबर 2019 को थिमाराफुशी में बेहद जरूरी हालात में एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से आन-ग्राउंड अनुमति लेने के बाद ही हेलीकॉप्टर की आपातकालीन लैंडिंग की गई थी।उन्होंने कहा कि नौ अक्टूबर 2019 की विशिष्ट उड़ान एमएनडीएफ की अनुमति के बाद ही भरी गई थी। बता दें कि हाल ही में मालदीव में तैनात 76 सैन्य कर्मी भारत लौट चुके हैं। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारतीय सैन्य कर्मियों के लिए भारत लौटने को 10 मई का समय निर्धारित किया था।

## सुप्रीम कोर्ट ने पीएम मोदी के चुनाव पर रोक लगाने की मांग पर विचार से किया इनकार, याचिकाकर्ता ने वापस ली अपनी याचिका



**नईदिल्ली, 15 मई [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने घृणा फैलाने वाले भाषणों और आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को विचार करने से इनकार कर दिया। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि उन्हें अपनी शिकायत संबंधित प्राधिकरण से करनी चाहिए।

जब मामला सुनवाई पर आया तभी कोर्ट ने याचिकाकर्ता फातिमा के वकील से पूछा कि क्या आपने इस बारे में संबंधित प्राधिकरण से संपर्क किया है। पीठ ने कहा कि कोर्ट में याचिका दाखिल कर आदेश मांगने से पहले उन्हें संबंधित प्राधिकरण के पास जाना चाहिए। कोर्ट का नकारात्मक रुख देखते हुए याचिकाकर्ता ने याचिका वापस ले ली। याचिका में मांग की गई थी कि चुनाव आयोग को निर्देश दिया जाए कि वह जनप्रतिनिधित्व कानून में मोदी को छह साल के लिए चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित करे। इसके अलावा घृणा फैलाने वाले भाषणों को आधार बनाते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल की गई थी उसे भी कोर्ट ने खारिज कर दिया।

### बाढ़ प्रभावित केन्या की मदद के लिए भारत आया सामने 40 टन दवाओं के साथ भेजी राहत सामग्री की नई खेप



**नई दिल्ली 15 मई।** अफ्रीकी देश केन्या में बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए भारत ने मंगलवार को राहत सामग्री की नई खेप भेजी है। एक सैन्य परिवहन विमान से भेजी गई मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) खेप में 40 टन दवाएं भी शामिल हैं। पिछले सप्ताह केन्या को राहत सामग्री की पहली खेप उपलब्ध कराई गई थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, केन्या में बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए भेजी गई एचएडीआर की दूसरी खेप में 40 टन दवाएं, चिकित्सकीय आपूर्ति एवं अन्य उपकरण शामिल हैं। हम ऐतिहासिक साझेदारी और विश्वबंधुत्व के लिए खड़े हैं। केन्या के कई भाग बाढ़ से प्रभावित हैं। केन्याई सरकार के आंकड़ों के अनुसार, विनाशकारी बाढ़ से बड़े पैमाने पर तबाही हुई है और लगभग 267 लोगों की मौत हो चुकी है। 188 लोग घायल हुए हैं और 2,80,000 लोग विस्थापित हुए हैं।

## जान लेने की कोशिश में किए थे चाकू से 14 वार, अब कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

**भागलपुर, 15 मई [एजेंसी]।**

परिवहन व्यवसायी संजीव कुमार की जान लेने के लिए ट्रक चालक मुहम्मद अफजल ने पांच नवंबर 2022 को उन पर चाकू से 14 वार किये थे। इस अपराध के लिए न्यायालय ने उसे मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अब अफजल को उम्र भर जेल की सजा काटनी होगी।जानलेवा हमला करने के मामले में दोषी ट्रक चालक मुहम्मद अफजल को एडीजे- 14 विवेक कुमार की अदालत ने उम्रकैद की सजा के अलावा 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी देने का आदेश दिया है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने की सूरत में उसे पांच साल की अतिरिक्त कठोर सजा काटनी होगी। सरकार की तरफ से अपर लोक अभियोजक संजय कुमार यादव ने बहस में भाग लिया।पांच नवंबर 2022 को परिवहन व्यवसायी संजीव कुमार पर बकाया पैसे का तकादा करने पर चाकू से हमला कर ट्रक चालक मुहम्मद अफजल ने जान लेने की कोशिश की थी। तब चौकीदार ने जख्मी व्यवसायी की जान बचाई थी। हमले के दौरान अफजल ने एक के बाद एक चाकू के प्रहार से 14 जख्म किये थे। गंभीर रूप से जख्मी व्यवसायी को जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

वहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसकी जान बचाने में कामयाबी पाई थी।घटना की बाबत जख्मी कारोबारी के फर्द बयान पर बरारी कैंप थाने में जानलेवा हमले के आरोपित अफजल के विरुद्ध केस दर्ज किया गया था। दर्ज केस में कारोबारी ने जानकारी दी थी कि दुर्गापूजा और काली पूजा के दौरान उनके ट्रक की कमाई उसने अपने पास ही रख ली थी। उसका तकादा करने पर उसने राशि लौटाने से इन्कार कर दिया था। इस पर जब कारोबारी ने उसके विरुद्ध रुपये गबन का केस करने की बात कही, तो उसने कहा कि जब केस ही कर दोगे तो तुम्हारी जान लेकर ही केस लड़ेंगे। इतना बोल चाकू से एक के बाद एक कई वार किये थे। तब घटना के विरोध में काफी प्रदर्शन हुआ था।

### उधमपुर वन रेंज के बाली-तिर्शी ब्लॉक में लगी आग, बुझाने के प्रयास जारी

**जम्मू-कश्मीर, 15 मई [एजेंसी]।**

उधमपुर वन रेंज के बाली-तिर्शी ब्लॉक में बुधवार रात भीषण आग लग गई। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उधमपुर वन रेंज के बाली-तिर्शी ब्लॉक में कंपार्टमेंट नंबर 64 में आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। वन विभाग के अधिकारियों द्वारा जम्मू-कश्मीर पुलिस की मदद से आग बुझाने का प्रयास जारी है।

## पुलिस कार्यवाही में अब उर्दू-फारसी नहीं, हिंदी शब्दों का करेगी उपयोग, ADG का पत्र जारी

**भोपाल, 15 मई [एजेंसी]।**


मध्य प्रदेश में पुलिस कार्यवाही में अब उर्दू-फारसी के शब्दों के स्थान पर हिंदी शब्दों का उपयोग किया जाएगा। राज्य के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध अनुसंधान) पवन श्रीवास्तव ने प्रदेश की सभी जिला पुलिस इकाइयों को स्मरण पत्र भेजकर समस्त कार्यवाही में उर्दू-फारसी के शब्दों के स्थान पर हिंदी शब्दों के अधिक से अधिक उपयोग की अपेक्षा की है।उन्होंने लिखा है कि हिंदी के उपयुक्त शब्द उपलब्ध होने के बाद भी उर्दू-फारसी के शब्दों का उपयोग अधिक हो रहा है, जबकि शासन ने दो वर्ष पहले ही अपेक्षा की थी कि हिंदी शब्दों का प्रयोग अधिक हो। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने कार्यवाही में उपयोग होने वाले उर्दू, फारसी के 69 शब्दों की जगह



सरल हिंदी के शब्द सुझाए थे।दफा, कैदखाना, जरायम, इत्तिला, इमदाद, खून आलूदा, मुचलका, खैरियत जैसे कई ऐसे उर्दू और फारसी के शब्द हैं, जिन्हें पुलिस प्राथमिकी से लेकर बयान और चालान तक में आज भी उपयोग करती है। पुलिसकर्मी या पेशेवर लोग तो इसका अर्थ समझ लेते हैं, पर शिकायतकर्ता या आरोपित को इन शब्दों का अर्थ पता करने में पसीना आ जाता है।

अंग्रेजों के जमाने से इन शब्दों का चलन है और इनके सरल हिंदी शब्द उपलब्ध होने के बाद भी पुलिस परंपरा को ढोती आ रही है। वर्ष 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि उर्दू-फारसी की जगह पुलिस को हिंदी के सरल शब्दों का उपयोग करना चाहिए। इसके बाद गृह विभाग ने इस पर अमल के आदेश जारी किए थे, पर अधिकतर जगह पुलिस सुस्ती दिखा रही थी। दफा - धारा कैदखाना रक्त रंजित गवाह - साक्षी बयान - कथनमसरूका - संपत्तिसंगीन - गंभीर सजा - दोष सिद्ध हिकमत अमली - विवेकानुसार गोस्वारा - नक्शा दस्तंदाजी - संज्ञेय मर्ग - अकाल मृत्यु मुतफार्रिक - विविध।

### भारत-बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति करेगा नेपाल, राष्ट्रपति पौडेल ने नेपाली सरकार की नीतियों पर क्या कुछ कहा



**काठमांडू, 15 मई [एजेंसी]।**

नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने मंगलवार को कहा कि उनका देश भारत और बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। राष्ट्रपति ने संसद के संयुक्त सत्र में आगामी वित्त वर्ष के लिए सरकार की नीतियों और कार्यक्रम का उल्लेख किया। राष्ट्रपति ने कहा कि देश की बिजली उत्पादन क्षमता 3,940 मेगावाट तक पहुंच गई है और 98 प्रतिशत लोगों तक बिजली पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि भारत एवं बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। गठबंधन सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को रखते हुए पौडेल ने कहा कि नेपाल जल्द ही शांति प्रक्रिया पूरी करने और एक स्वतंत्र एवं संतुलित विदेश नीति अपनाकर राष्ट्रीय हित व सम्मान की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित को केंद्र बिंदु में रखते हुए पड़ोसी एवं मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार किया गया है। संतुलित राजकोषीय एवं मौद्रिक नीतियों के कार्यान्वयन के कारण नेपाल की अर्थव्यवस्था में धीरे-धीरे सुधार हुआ है। सरकार ने बॉलीवुड एवं हॉलीवुड समेत अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं को आकर्षित कर फिल्म पर्यटन को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया है।

## भारत के खिलाफ अमेरिका-कनाडा के आरोपों पर जयशंकर की दो टूक,एलएसी पर कह दी ये बड़ी बात

**कोलकाता, 15 मई [एजेंसी]।**

भारत के खिलाफ अमेरिका और कनाडा के आरोपों के बारे में जब विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से सवाल पूछा गया तो उन्होंने दो टूक जवाब दिया। एस जयशंकर ने कहा कि वे हमें प्रभावित करना चाहते हैं क्योंकि इनमें से कई देशों को लगता है कि उन्होंने पिछले 70-80 वर्षों से इस दुनिया को प्रभावित किया है।आगे बोले कि पश्चिमी देशों को वास्तव में लगता है कि उन्होंने पिछले 200 वर्षों से दुनिया को प्रभावित किया है, आप किसी ऐसे व्यक्ति से कैसे उम्मीद कर सकते हैं जो वे उन पुरानी आदतों को इतनी आसानी से छोड़ने की स्थिति में हैं। वे एक ऐसे भारत को देख रहे हैं जो एक तरह से उनकी छवि के अनुरूप नहीं है कि भारत कैसा होना चाहिए। साथ ही एस जयशंकर ने कहा कि पश्चिमी मीडिया ने कुछ मामलों में खुले तौर पर उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों का समर्थन किया है पार्टियाँ, वे अपनी प्राथमिकताएँ नहीं छिपातीं। वे आपको प्रतिष्ठित रूप से नुकसान पहुँचाएँगी, कोई व्यक्ति सूचकांक लाएगा और आपको उसमें नीचे डाल देगा। जिन देशों को अपने चुनाव के नतीजे तय करने के लिए अदालत जाना पड़ता है, वे हमें चुनाव कैसे कराना है इसके बारे में व्याख्यान दे रहे हैं।विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बलों की तैनाती



असामान्य है और देश की सुरक्षा की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। कोलकाता इंडियन चैंबर आफ कामर्स (आईसीसी) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा कि भारत ने गलवन झड़प का जवाब वहां बलों की जवाबी तैनाती से दिया।विदेश मंत्री जयशंकर ने कार्यक्रम में बताया कि 1962 की जंग के बाद 1988 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने चीन की यात्रा की। इसका उद्देश्य स्पष्ट था कि चीन और भारत संबंधों को सामान्य बनाएंगे। यात्रा का उद्देश्य सीमा मतभेदों पर चर्चा करने के साथ-साथ सीमा पर शांति के बनाए रखना था। लेकिन 2020 में चीनियों ने इस समझौते को तोड़ दिया। भारत कोविड-19 लाकडाउन में था, ऐसे समय पर चीन ने सीमा पर बड़ी संख्या में सेना तैनात कर दी। अब चीजें बदल गई हैं। एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने भी चीन की तैनाती का कड़ा जवाब दिया। हमने भी अपनी सेनाएं वहां तैनात की। पिछले चार साल से सेनाएं गलवन में सामान्य बेस पोजीशन से आगे तैनात हैं। एलएसी पर यह तैनाती असामान्य है। तनाव को देखते हुए भारतीय नागरिक के रूप में हमें देश की सुरक्षा की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। चीन के साथ संघर्ष आर्थिक चुनौती भी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य पर जोर देते हुए व्यापारिक संगठनों से देश के विनिर्माण क्षेत्र के पुनरुद्धार को सुनिश्चित करने के लिए सरकार के साथ साझेदारी करने का आग्रह किया।

### कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर सलमान खुर्शीद ने पीएम पर कसा तंज, कह दी नोबेल पुरस्कार देने की बात

**मुंबई 15 मई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने मंगलवार को कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह साबित कर सकें कि कांग्रेस का घोषणापत्र मुस्लिम लीग से प्रेरित है तो उन्हें नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र दूरदर्शी है और यह रोजगार सृजन की बात करता है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि महाविकास आघाड़ी में शामिल दलों कांग्रेस, राकांपा (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (यूबीटी)) को उनके वैचारिक मतभेदों के बावजूद एक साथ आने के लिए बधाई देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे ऐतिहासिक होंगे और महाराष्ट्र केंद्र में अगली सरकार की रूपरेखा तय करेगा।

# गर्मी के दौरान डाइट में जरूर शामिल करें लीची, मिलेगें स्वास्थ्य से जुड़े कई लाभ





लीची गर्मियों में आने वाला फल है, जिसे दक्षिण पूर्व एशिया में सबसे ज्यादा उगाया जाता है।खट्टे-मीठे स्वाद से भरपूर लीची विभिन्न विटामिन्स, खनिज और एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती हैं।इसे आप ऐसे ही खा सकते हैं या फिर जूस, स्मूदी, आइसक्रीम और कई तरह के व्यंजनों के तौर पर लीची को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।आइए जानते हैं कि लीची के सेवन से क्या-क्या स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।

**विटामिन-ष्ट का हैं बेहतरीन स्त्रोत**

विटामिन-ष्ट यानी एस्कॉर्बिक एसिड एक शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट है, जो शरीर के परिसंचरण तंत्र के लिए जरूरी होता है।विशेषज्ञों के मुताबिक, लीची में विटामिन-ष्ट की भरपूर मात्रा मौजूद होती है। बता दें कि 100 ग्राम लीची में लगभग 70 मिलीग्राम विटामिन-ष्ट होता है।अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, विटामिन-ष्ट के सेवन से स्ट्रोक का खतरा 42 प्रतिशत तक कम हो सकता है।

**पॉलीफेनोल्स से होती हैं भरपूर**

लीची में कई अन्य फलों की तुलना में अधिक मात्रा में पॉलीफेनोल्स होते हैं, जो हृदय के स्वास्थ्य को सुधारने, कैंसर का जोखिम कम करने और ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं।इसके अतिरिक्त लीची में रुटिन की मात्रा भी अधिक होती है।फूड केमिस्ट्री जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक, रुटिन आर्थराइटिस और सूजन जैसी बीमारियों से बचाने में सहायता प्रदान कर सकता है।

**पाचन के लिए हैं लाभदायक**

पाचन क्रिया को स्वस्थ बनाए रखने में भी लीची का सेवन मदद कर सकता है।इसमें कई पोषण गुणों समेत भरपूर मात्रा में पानी मौजूद होता है और पानी भोजन पचाने में सबसे अहम माना जाता है। यह कब्ज, डायरिया और गैस जैसी समस्याओं से राहत दिलाने का काम करता है।इसके अतिरिक्त लीची में कैलोरी की मात्रा कम होती है, जिस वजह से इसका सीमित मात्रा में सेवन वजन घटाने में भी सहायक है।

**शरीर को हाइड्रेट करने में हैं मददगार**

शरीर में पानी की कमी कई बीमारियों को आमंत्रित कर सकती है, इसलिए डॉक्टर हाइड्रेशन पर अतिरिक्त ध्यान देने की सलाह देते हैं।अगर आप रोजाना लीची का सेवन करते हैं तो यह शरीर को हाइड्रेट रखने में काफी मदद कर सकती हैं। इसका कारण है कि इसमें पानी की अधिकता होती है।इसके अतिरिक्त ये पेट को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखने में भी सहायक हैं।यहां जानिए पेट की गर्मी को दूर करने वाले अन्य खाद्य पदार्थ।

**ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने में हैं प्रभावी**

जब शरीर में एंटी-ऑक्सीडेंट और मुक्त कणों के बीच असंतुलन होता है तो इससे ऑक्सीडेटिव तनाव होने लगता है।आमतौर पर उम्र बढ़ने की प्रक्रिया का एक हिस्सा माना जाने वाला ऑक्सीडेटिव तनाव शरीर की कोशिकाओं और ऊतकों को नुकसान पहुंचा सकता है।हालांकि, लीची का सेवन इस समस्या से सुरक्षित रखने में भी मदद कर सकता है क्योंकि ये कई एंटी-ऑक्सीडेंट्स का बेहतरीन स्त्रोत मानी जाती हैं, जो मुक्त कणों को शरीर से दूर कर सकते हैं।

# रोजाना घर में पोछा लगाने से पोछा पड़ गया है काला? तो इन ट्रिक्स को आज से अपना लें



गर्मी के मौसम में घर बहुत जल्दी गंदा होने लगता है. ऐसे में कई लोग घर में पोछा लगाते हैं, लेकिन रोजाना पोछा लगाने से पोछे का रंग काला पड़ जाता है. कुछ लोग ऐसे हैं, जो पोछे के काले रंग को निकालने के लिए कई कोशिश करते हैं. लेकिन फिर भी उनसे नहीं हो पता है.

**पोछे के काले रंग को करें दूर**

अगर आप भी पोछे के काले रंग को निकालने के लिए परेशान हो रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए है. आज हम आपको कुछ ऐसी टिप्स बताएंगे, जिन्हें फॉलो कर आप आसानी से पोछे के काले रंग को निकाल सकते हैं. इससे आप जब भी पोछा लगाएंगे, तो आपके घर की टाइल्स गंदी नहीं दिखेगी. आईए जानते हैं उन टिप्स के बारे में.

**फॉलो करें ये टिप्स**

पोछा लगाते समय, फर्श पर मौजूद धूल, मिट्टी, बाल और अन्य गंदगी पोछे में चिपक जाती हैं, जिससे वह काला हो जाता है. इसे साफ करने के लिए आप साबुन या डिटर्जेंट का इस्तेमाल कर सकते हैं. इससे बचने के लिए आप नियमित रूप से पहले झाड़ू लगाएं फिर पोछे का इस्तेमाल करें.

पोछे के पानी में हल्के साबुन या डिटर्जेंट का ही इस्तेमाल करें. आप घर पर नींबू का रस, सिरका या बेकिंग सोडा जैसे क्लीनर का इस्तेमाल कर सकते हैं.

पोछे को धूप में या हवादार जगह पर सुखाएं

पोछे को काले होने से बचाने के लिए आप जब भी एक कमरे में पोछा लगाएं, तो उस पोछे को तुरंत साफ पानी से धो लें.

एक ही पोछे से पूरे घर में पोछा न लगाएं. आप हफ्ते में एक बार पोछे को गर्म पानी और डिटर्जेंट से भी धो सकते हैं. कोशिश करें हमेशा पोछे को धूप में या हवादार जगह पर सुखाएं. ऐसा करने से पोछे में से बदबू नहीं आएगी और इसमें फफूंद और बैक्टीरिया भी नहीं आएंगे हैं.

**अलग-अलग रंगों के पोछे**

इसके अलावा आप अलग-अलग रंगों के पोछे के कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं. ताकि पोछा गंदा ना दिखे. आप डिस्पोजेबल पोछे का इस्तेमाल भी कर सकते हैं, इसका इस्तेमाल करने के बाद इसे फेंक दिया जाता है.

इन ट्रिक्स को अपनाकर आप अपने घर के पोछे को लंबे समय तक साफ रख सकते हैं.



# हिना खान की वेब सीरीज नामाकूल का ट्रेलर जारी, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा



छोटे पर्दे से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस हिना खान आज इंडस्ट्री का एक जाना माना नाम बन गई हैं। वह बिग बॉस, खतरों के खिलाड़ी जैसे कई शो में नजर आ चुकी हैं। आज एक्ट्रेस की एक अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। अब वह जल्द ही नामाकूल वेब सीरीज में दिखाई देने वाली हैं, जिसका ट्रेलर आज जारी हो गया है।

हिना खान के साथ-साथ नामाकूल में एरोन अर्जुन कौल, अभिनव शर्मा, अनुष्का कौशिक, फैसल मलिक, अभिषेक बजाज, आदिल खान और साक्षी सागर म्हाडोलकर भी दिखाई देने वाली हैं। यह सीरीज रितम श्रीवास्तव के डायरेक्शन में बनी है। वहीं, नमित शर्मा इसके निर्माता है। इसका ट्रेलर जारी हो गया है।

नामाकूल के ट्रेलर में हिना खान ग्लैमर का तड़का लगाते हुए नजर आ रही हैं। इस सीरीज में दर्शकों को लखनऊ के दो दोस्त मयंक और पीयूष की कहानी के साथ-साथ कॉमेडी, रोमांस और क्राइम देखने को मिलने वाला है। सीरीज में हिना रुबिया का किरदार निभाने वाली हैं। ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा गया कि आ गए हैं पीयूष और मयंक, करने लगे बड़े बवाल, क्या दोनो मिलकर ला पाएंगे लखनऊ में अपना भौकाल।

नामाकूल के ट्रेलर के साथ ही इसके मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट का एलान भी कर दिया है। यह सीरीज 17 मई से अमेजन मिनी टीवी पर स्ट्रीम होने वाली है। ऐसे में अब फैंस भी इसका बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं।

एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि बहुत ज्यादा इंतजार था अब फाइनल आ ही गया। दूसरे यूजर ने लिखा कि हिना खान को रुबिया के किरदार में देखने के लिए उत्साहित हूं। वहीं, तीसरे ने लिखा कि हिना के लिए बहुत खुश हूं।

# परिणिति चोपड़ा की आवाज में रिलीज हुआ चमकीला का गाना तू क्या जाने



अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी फिल्म अमर सिंह चमकीला की सफलता का आनंद उठा रही हैं।इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।अब निर्माताओं ने परिणीति की आवाज में अमर सिंह चमकीला का गाना जारी कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर काफी प्यार मिल रहा है।इस गाने के बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं।

फिल्म में पंजाब के मशहूर गायक अमर सिंह चमकीला की जिंदगी को दिखाया गया है। यह पहली बार है जब इम्तियाज ने कोई बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म बनाई हो।अमर सिंह चमकीला पंजाब के मशहूर और विवादित गायकों में शुमार थे। उनकी जिंदगी के सारे अहम पड़ावों को फिल्म में दिखाया गया । अमर सिंह चमकीला वो पंजाबी सिंगर थे, जिन्होंने महज 20 साल की उम्र में अपने गानों से धूम मचा दी थी। बेहद कम ही समय में चमकीला ने अपने शानदार गानों की बदौलत दुनिया का दिल जीत लिया था। अपने करियर में अमर सिंह ने कई हिट गाने दिए थे। अमर सिंह फोक सिंगर थे।

उनके अपने छोटे से करियर में वो तरक्की पाई, जिसे पाने में लोगों की उम्र बीत जाती है। आपको बता दें कि चमकीला के गानों ने उस दौर में हाईएस्ट रिकॉर्ड सेलिंग का रिकॉर्ड बना डाला था। उनके गानों को आज भी पंजाब में काफी पसंद किया जाता है।

चमकीला का जन्म 1960 में पंजाब में हुआ था, लेकिन महज 27 साल की उम्र में वो इस दुनिया को अलविदा कह गए। 8 मार्च, 1988 के दिन कुछ अज्ञात हमलावरों ने अमर सिंह चमकीला की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी। अमर सिंह के साथ उस वक्त उनकी पत्नी अमरजोत और उनके बैंड के दो लोग भी थे, जिनकी भी हत्या कर दी थी।

बता दें कि चमकीला मेहसमपुर, पंजाब में परफॉर्मेंस के लिए आ रहे थे। तभी तकरीबन 2 बजे अपनी गाड़ी से रवाना हुए थे, लेकिन अपनी गाड़ी से बाहद निकलते ही उन पर लगातार फाइरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई।

## ममूटी की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म टर्बो को मिली नई रिलीज डेट

ममूटी अभिनीत बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म टर्बो अपनी भव्य नाटकीय रिलीज के लिए तैयार है। यह फिल्म, जो मूल रूप से 13 जून, 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली थी, अब जल्दी रिलीज होने के लिए तैयार है। हाल ही में, मुख्य अभिनेता ममूटी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर पुष्टि की कि टर्बो उम्मीद से पहले रिलीज होने के लिए तैयार है। हिटमेकर वैसाख द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित परियोजना टर्बो अब 23 मई, 2024 को रिलीज होने वाली है। ममूटी अभिनीत फिल्म के निर्माताओं ने बड़ी संख्या में स्क्रीन के साथ एकल वैश्विक रिलीज सुनिश्चित करने के लिए फिल्म को उम्मीद से पहले रिलीज करने का फैसला किया। नवीनतम अपडेट से पता चलता है कि टीम ने टर्बो के लिए डबिंग और री-रिकॉर्डिंग सहित सभी प्रमुख पोस्ट-प्रोडक्शन कार्य पहले ही पूरा कर लिया है।

## आदिशक्ति वर्कशॉप ने मुझे गहरी समझ दी : अपूर्वा अरोड़ा

हाल ही में स्ट्रीमिंग सीरीज फैमिली आज कल में नजर आने वाली अभिनेत्री अपूर्वा अरोड़ा ऑरोविले में आदिशक्ति वर्कशॉप में भाग लेने के बाद रविवार को मुंबई लौट आईं। एक?ट्रेस ने वर्कशाप में अपनी दिनचर्या के बारे में बात की और कहा कि इससे उन्हें एक कलाकार के रूप में खुद के बारे में गहरी समझ मिली है। अभिनेत्री ने आदिशक्ति वर्कशॉप में भाग लेने की इच्छा मन में रखी थी। हालांकि उनका व्यस्त कार्यक्रम और अपने काम के प्रति प्रतिबद्धता हमेशा उनकी योजनाओं में बाधा बनती थी। इस बार अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद वह वर्कशॉप के लिए समय निकालने में सफल रहीं। अपने अनुभव पर बात करते हुए अपूर्वा ने कहा कि यह बेहद समृद्ध और परिवर्तनकारी था, जिससे उन्हें अभिनय और जीवन पर एक नया दृष्टिकोण मिला। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए अपूर्वा ने बताया, मैं वर्षों से आदिशक्ति वर्कशॉप में भाग लेना चाहती थी, लेकिन मेरी कार्य प्रतिबद्धताओं ने मुझे कभी ऐसा करने की अनुमति नहीं दी। इस बार मैंने इसे प्राथमिकता दी और मुझे खुशी है कि मैंने ऐसा किया। वर्कशॉप ने न केवल मेरे अभिनय कौशल को बढ़ाया है, बल्कि कलाकार के रूप में मुझे गहरी समझ भी दी है। यह वास्तव में जीवन बदलने वाला अनुभव था। उन्होंने ऑरोविले में रहने के दौरान की अपनी दिनचर्या भी शेयर की, साथ ही अपनी सीखने की प्रक्रिया के बारे में भी बात की।

उन्होंने कहा, मैंने कई अलग-अलग तरह की कक्षाएं लीं, जिनमें केरल का मिझावु ड्रम बजाना सीखना, पानी के भीतर सांस लेने के व्यायाम और कलरीपायट्टु सीखने के साथ चरित्र निर्माण में सहायता के लिए विभिन्न उपकरण सीखने पर ध्यान केंद्रित किया।

## मरून शिमरी गाउन पहनकर सनी लियोन ने गिराई बिजलियां



बॉलीवुड की खूबसूरत हसीनाओं का जिक्र हो और सनी लियोन का नाम न आए, ऐसा कैसे हो सकता है. अपनी खूबसूरती और एक्टिंग के दम पर बॉलीवुड में छाई रहने वाली सनी लियोन सोशल मीडिया पर भी छाई रहती हैं. किलर अदाओं से लोगों के दिलों पर राज करने वाली सनी लियोन जैसे ही कोई पोस्ट शेयर करत हैं, वैसे ही लाइक और कमेंट करने वालों की होड़ लग जाती है. प्रोजेक्ट्स के साथ-साथ सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली सनी लियोन को देखने के लिए उनके चाहने वाले बेताब बैठे रहते हैं. वह कुछ भी शेयर करती हैं, लाइक्स-कमेंट्स करने वालों की भरमार हो जाती है. हाल ही में सनी लियो ने एक बार फिर चाहने वालों को शानदार विजुअल ट्रीट दी है.

## शब्द सामर्थ्य -057


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 056 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

## दिव्या खोसला कुमार की फिल्म सवीः ए ब्लडी हाउसवाइफ का पहला गाना हमदम हुआ रिलीज



अनिल कपूर, दिव्या खोसला कुमार और हर्षवर्धन राणे की फिल्म साविः ए ब्लडी हाउसवाइफ का पहला गाना रिलीज हो गया है। ट्रेलर रिलीज होने से पहले और दूसरे टीजर के अनावरण के कुछ दिनों के भीतर ही यह ट्रैक जारी किया गया है। गाने का नाम हमदम है, जिसे दिव्या और हर्षवर्धन पर फिल्माया गया है। गाने के कई सीन्स के जरिए आपको फिल्मों में रणबीर के आइकॉनिक मोमेंट्स याद आ जाएंगे। निर्माताओं द्वारा जारी किए गए ट्रैक हमदम में दिव्या खोसला कुमार और हर्षवर्धन राणे की केमिस्ट्री देखते ही बन रही है। गाने को विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। विशाल मिश्रा द्वारा रचित और राज शेखर द्वारा लिखित हमदम एक रोमांटिक टोन सेट करता है जो गहराई से गूंजता है। इसके साथ के दृश्यों के माध्यम से, फिल्म दिव्या और हर्षवर्धन के किरदारों को बचपन के दोस्तों के रूप में चित्रित करती है जो बड़े होने के बाद वापस से मिलते हैं। हमदम प्यार से भरी उनकी यात्रा को खूबसूरती से दर्शाता है। हाल ही में जारी किए गए फिल्म के टीजर में सावि के रूप में दिव्या खोसला को यह कबूल करते हुए दिखाया गया कि उनके पास तीन दिनों के बाद लंदन में जेल ब्रेक की साजिश रचने और उसे अंजाम देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

# बिना कैमरे के लगा दिया सीसीटीवी कैमरे में निगरानी का बोर्ड

**सुरक्षा के प्रति गंभीर लापरवाही....**

**एसईसीएल चर्चा का है मामला ...**

**चरचा कालरी।** प्रतिवर्ष करोड़ों रुपयो का लाभ अर्जित करने वाले कोल इंडिया की सर्वाधिक प्रतिष्ठित भूमिगत खदान चर्चा आर ओ में सुरक्षा के प्रति पूरी तरह लापरवाही बढ़ती जा रही है सह क्षेत्र प्रबंधक चर्चा कार्यालय में कई जगहों पर *आप सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में है* लिखे हुए पंपलेट दीवारों पर चिपके हुए हैं यह पंपलेट जिम्मेदार अधिकारियों के कमरे के बगल में भी लगे हैं जिसे यह अधिकारी प्रतिदिन देखते भी हैं जबकि वास्तविकता यह है कि पूरे कार्यालय परिसर में कहीं पर भी एक भी सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाया गया है प्रबंधक कार्यालय जहां महत्वपूर्ण विभागीय दस्तावेज रहते हैं वहीं परिसर में वित्त विभाग, सिविल विभाग ,कार्मिक विभाग जैसे कई महत्वपूर्ण विभाग संचालित है इनकी सुरक्षा मैं सिर्फ भ्रामक पंपलेट लगाकर सुरक्षा के नाम पर खाना पूर्ति की जा रही है बिना कैमरे के दीवारों पर चिपके सीसीटीवी कैमरे की निगरानी वाले पंपलेट अपनी सच्चाई अपने आप बयां कर रहे हैं कार्यालय परिसर में यदि किसी प्रकार की



अप्रिय घटना होती है ऐसी स्थिति में एक दूसरे पर सिर्फ आरोप प्रत्यारोप करने के अलावा कुछ हासिल नहीं होगा।

यह जांच का विषय है कि कार्यालय परिसर में बिना कैमरा लगाए भ्रामक पंपलेट क्यों लगाए गए इसके लगाने की वजह क्या है जानकारी के अनुसार विगत 1 वर्षों से यह पंपलेट चिपके हुए हैं झूठे एवं भ्रामक पंपलेट को देखने के बावजूद अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही क्यों नहीं की गई या फिर सही मायने में कार्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाने में कौन सी दिक्कत आ रही है जबकि आजकल सुरक्षा हेतु लगभग हर जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगे रहते हैं इनकी लागत भी कोई ज्यादा नहीं रहती क्या चर्चा हल्की प्रबंधन कैमरे लगाने की स्थिति में नहीं है यह भी जांच का विषय है कि झूठे और भ्रामक पंपलेट लगाने की अनुमति किस अधिकारी के द्वारा दी गई।

चर्चा कालारी के एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि सीसीटीवी कैमरा लगाना जरूरी है इसके साथ यह भी जरूरी है कि कैमरे को कार्यालय की दीवारों पर न लगाकर अधिकारियों के कमरे के अंदर भी लगाया जाए जिससे यहां के कर्मचारी सच्चाई से अवगत होते रहे।

# कालरी क्षेत्र में चोरों का आतंक, सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान

**कोरिया।** पटना थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल पांडव पारा सहक्षेत्र झिलमिली के सरकारी क्वार्टर को निशाना बनाते हुए एक रात में चार घरों में चोर सेंधफोरी कर नगदी सहित कपड़े चोरी कर ले उड़े। चोर लगातार कोयलांचल में चोरी के वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। अब चोरों के हौसले बुलंदी पर हैं।

जो पुलिस व एसईसीएल गार्ड सहित सुरक्षा सैनिकों के पोल खोलते हुए ठेंगा दिखा रहे हैं जो पुलिस सहित एसईसीएल प्रबंधन के लिए परेशानी का सबब बन हुआ है तो वहीं चोरों को नही पकड़ पाने से पूरे कोयलांचल में असुरक्षा व भय की स्थिति निर्मित हो गई है जिससे कालरीकर्मी सेंधफोरी की ऐसी घटनाओं से काफी चिंतित है हालांकि पटना पुलिस ने मामला दर्ज कर डॉग स्क्वायड के सहारे जांच में जुट गई है। एसईसीएल पांडवपारा के विराट नगर के चार क्वार्टर में सोमवार की रात खिड़की के नीचे सेंधफोरी कर चोरों ने लगभग नगदी सहित 50 हजार की चोरी की है।कॉलरी कर्मी हरिराम के यहां से 19000 रुपए नगद,धर्मसाय के यहां पीछे की खिड़की तोड़कर अंदर घुसकर साड़ी चोरी कर ली।मोहरसाय के यहां से आधार कार्ड, पैन कार्ड और लगभग दस हजार कैश राशि ले उड़े।वहीं बड़े बाबू के क्वार्टर में छेनी से सेंध लगा रहे थे तभी कुत्ता भौंकने लगा जिससे चोर फुर्र हो गए।चोरी के इस घटना की लिखित शिकायत पटना थाना में की गई जिसके बाद पटना पुलिस मौके पर पहुंच जांच शुरू की।वही साथ में आए डॉग स्क्वायड टीम ने भी जांच पड़ताल की लेकिन पुलिस को चोरी की कोई सुराग नहीं मिल सका है लेकिन चोरों को पकड़ने पुलिस की टीम जुटी हुई है फिलहाल चोर पुलिस की गिरफ्त से बाहर बताए जा रहे हैं।जांच में डीएसपी रविकांत सहारे,थाना प्रभारी अनिल सोनवानी, एएसआई लवांग सिंह सहित पुलिस के टीम सक्रिय है। न्यू बी टाइप क्वार्टर नंबर 73 में मंगलवार की रात्रि छेनी,हथौड़ी व कटर के सहारे डीएवी पब्लिक स्कूल के शिक्षक मनोज सिंह के क्वार्टर में सेंधफोरी का प्रयास चोरों के द्वारा किया गया।ये अलग बात है कि चोरी की घटना को अंजाम नही दे सके।जिसकी लिखित शिकायत शिक्षक ने पटना थाना में किया है।इस मामले की पुलिस जांच अभी नही कर सकी है तब तक सोमवार की बीती रात चार क्वार्टर को निशाना बनाते हुए को चोरों ने लगभग 50 हजार की चोरी सेंध लगाकर कर ली है। जुलाई में झिलमिली खदान में मैनेजर के पद पर कार्यरत संदीप यादव के बी टाइप ऑफिसर कॉलोनी में उनके क्वार्टर के



पीछे पक्की दीवार में सेंधमारी कर चोरों ने अलमारी तोड़कर कीमती आभूषण सहित लगभग 10 लाख की चोरी की थी लेकिन 10 माह बीत जाने के बाद भी चोरों को आज तक पुलिस नही पकड़ सकी। बीते सितंबर माह में कॉलरीकर्मी देवचंद के क्वार्टर में सेंधमारी कर नगद 70 हजार रुपए सहित सोने की मंगल सूत्र, पायल,बाली, लॉकेट, व बच्चो के कपड़े चोरी कर ले गए जिसे पुलिस आज तक नही पकड़ सकी। कॉलरीकर्मी के सुरक्षा हेतु पांडव पारा में पुलिस सहायता केंद्र खोला गया था ताकि किसी अप्रिय स्थिति में पुलिस उनके बीच मौजूद रहे लेकिन बीते तीन चार माह से पुलिस सहायता केंद्र भी बंद है।तो वहीं एसईसीएल के सुरक्षा गार्ड भी तैनात हैं लेकिन चोरों को इससे तनिक भी फर्क नहीं पड़ता बल्कि धड़ल्ले से लगातार चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

# जिले के लोगों ने किया थाना का घेराव



**कोरिया बैकुंठपुर।** युवक की मौत के बाद परिजनों व साहू समाज के सैकड़ों लोगों ने किया पटना थाना का घेराव। थाना के सामने पीकप वाहन में शव रख कर आरोपियों को गिरफ्तार कर उचित कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे प्रदर्शनकारी। पुलिस द्वारा उचित कार्यवाही करने की समझाईश व आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

दो महिना पूर्व 5 मार्च की रात रनई निवासी शिव प्रसाद साहू के घर सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना के अंतर्गत ग्राम कैलाषपुर से अमिताब साहू की बारात आई थी, बारात में अमिताब साहू का जीजा मानपुर (सूरजपुर) निवासी दिलकेश्वर साहू पिता धनूकधारी साहू भी शामिल था और बारात के दौरान रात्री करीब 9 से 10 बजे के बीच रनई में नेशनल हाईवे क्रमांक 43 सड़क किनारे नाली में दिलकेश्वर साहू घायल अवस्था में मिला जिसके सिर में गंभीर चोट लगा हुआ था जिसे ईलाज के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना ले जाया गया जहां से जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर एसके बाद नवकार हांस्पीटल रायपुर रेफर कर दिया गया जहां सिर का आपरेशन हुआ था लेकिन उसे दो महिने से होष नहीं आया था, परिजनों द्वारा घटना की रिपोर्ट 11 मार्च को पटना थाना में दर्ज कराया गया लेकिन पुलिस दो महिनों में घटना कैसे हुई, दिलकेश्वर के साथ मारपीट हुई या स्वयं किसी दुर्घटना का शिकार हो गया इस बात का पता नहीं लगा सकी इस दौरान 12 मई को ईलाज के दौरान दिलकेश्वर साहू की मौत हो गई और परिजनों के साथ साथ साहू समाज के पदारधिकारी, सदस्य एवं मृतक के गांव के लोग शव को पटना थाना लेकर पहुंच गए और थाना के सामने पीकप में शव को रख कर थाना का घेराव कर पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद भी जांच व कार्यवाही न हरने का आरोप लगाते हुए यह कहने लगे कि दिलकेश्वर साहू के साथ मारपीट हुई थी उसे मारकर फेंक दिया गया था इसके बाद भी पुलिस द्वारा आरोपियों को नहीं पकड़ा जा रहा है, सभी आरोपियों को पकड़ कर उचित कार्यवाही करने की मांग करने लगे और एक घंटे से भी अधिक समय तक थाना का घेराव करके रखे रहे। सभी को समझाते हुए उप पुलिस अधीक्षक कविता ठाकुर ने उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए कहा कि 11 मार्च को मामले सूचना एसपी कार्यालय को मिली है, प्रारंभिक जांव व बयान के आधार पर मामला क्या है समझ में नहीं आरहा था अब जैसे ही पीएम रिपोर्ट आता है वैसे ही इस मामले की सूक्ष्मता से जांच की जायेगी और आरोपियों पर उचित कार्यवाही की जायेगी तब जाकर प्रदर्शन कर रहे लोगों का गुस्सा शांत हुआ और वे शव अपने गृह ग्राम अंतिम संस्कार के लिए लेकर गए।

**2 महिनों में नहीं हुई कार्यवाही** - मृतक दिलकेश्वर के मामले में मृतक के भाई व परिजन पटना थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कुछ संदेहियों का नाम देकर मारपीट करने का आरोप लगाकर जांच व कार्यवाही की मांग कर रहे थे लेकिन पटना पुलिस द्वारा इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया जिस वजह से इस के हालात निर्मित हुए।

**दिखी पुलिस की लापरवाही** - दिलकेश्वर साहू के मामले में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने के दो महिना बाद भी पटना पुलिस को घटना के संबंध में पूर्ण जानकारी नहीं हो सकी जिससे अंदाजा लगाया जारहा है कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से न लेते हुए पूरी तरह से लापरवाही बरती है।

## चार भाइयों पर जानलेवा हमला

**अंबिकापुर।** बिहार के औरंगाबाद जिले से शहर में आकर बढ़ई का काम करने वाले युवकों के समूह ने सोमवार की रात शहर में जमकर गुंडागर्दी की। रंजिश पर चार भाइयों को समझौते के नाम पर साजिश के तहत बुलाया। इसके बाद उन पर जानलेवा हमला कर दिया। जान बचाकर भागे भाइयों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। रामानुजंगज मार्ग के पेट्रोल पंप पर छिपे भाइयों पर चाकू और हथोड़े से वार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। चारों भाइयों को मिशन अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया है।

# लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें:राजेश

**चरचा कालरी।** नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र में शैक्षणिक विश्वसनीयता के प्रतीक हिंद विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में मेधावी छात्र-छात्राओं के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष उसे परमिट कर सरस्वती वंदना की गई इसके पश्चात समारोह के अतिथियों राजेश सिंह उपाध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा, नेसार खान प्रबंधक एवं प्रशासक हिंद विद्यालय , अरुण जायसवाल मंडल अध्यक्ष शिवपुर चर्चा, व नीरज गुप्ता के द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो ,मेडल ,पुष्प गुच्छ व उपहार देकर सम्मानित किया गया इस दौरान बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित थे।




मुख्य अतिथि राजेश सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप की उपलब्धि पर हम सभी बेहद गौरवान्वित है इस हेतु आप सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं, बोर्ड परीक्षा में सफलता के बाद आप अब अपने आगे के लक्ष्य को निर्धारित करें और नई ऊर्जा एवं लगन के साथ पढ़ाई करें, निश्चित ही सफलता आपके कदमों में होगी बच्चों के साथ ही बच्चों के अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने अच्छी परवरिश देकर बच्चों को यहां तक पहुंचाया आप अभिभावकों से निवेदन है कि आप अपने बच्चों को और भी प्रोत्साहित करें जिससे वे आगे चलकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर इस विद्यालय क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम रोशन करें विद्यालय के समस्त गुरुजनों का भी मैं हार्दिक अभिनंदन करता हूं जिन्होंने अथक परिश्रम कर बच्चों को नई दिशा दी उन्हें आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया उद्बोधन के क्रम में विद्यालय के संचालक नेसार खान ने कहा कि बेहद खुशी की बात है कि विद्यालय के बच्चे निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं बोर्ड परीक्षा में बच्चों ने काफी मेहनत कर उच्चतम अंक हासिल किए हैं सभी बच्चों को बहुत-बहुत बधाई आगे की पढ़ाई के लिए आप समय का विशेष ध्यान रखें समय को व्यर्थ न जाने दें विद्यालय के छात्र विकास पलहै ने नीट परीक्षा में सफलता प्रप्त की है इसी क्रम में प्राची राजवाड़े ने भी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप भविष्य में और भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। सम्मान समारोह में विद्यालय के शिक्षक श्री राजाराम सर, मिंटू उपाध्याय, हीरा विश्वकर्मा ,अनिल भगत ,दयानंद ठाकुर ,मोहम्मद सफीक अहमद, श्रीमती शिल्पी सरकार, श्रीमती किरण वर्मा, मेघा तिवारी, कौशर बानो, खुशबू यादव जिन्नत खान सहित अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित थे। कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यालय की छात्रा नूरी सबा, प्राची राजवाड़े ,गौरव टुंडे कक्षा 12वीं से पीहू राय, मुस्कान मोदी ,अंजली कुमारी के साथ ही आयशा परवीन, अंशु शर्मा, मेघा मिश्रा ,अमरजीत, प्रिया साहू ,सविता कुमारी को भी सम्मानित किया गया।

# पेट्रोल से भड़की आग ने दुकान व घर को किया तबाह, महिला के साथ युवक झुलसा

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर शहर से लगे कंचनपुर ग्राम में मंगलवार रात एक किराना दुकान व घर में भीषण आग लग गई। बताया गया कि जिस वक्त आग लगी उस वक्त गांव में लाइट गुल थी। उस दुकान में किराना और सामान्य चीजों के अलावा पेट्रोल की भी बिक्री होती है। इसी दौरान एक युवक दुकान में पेट्रोल खरीदने आया। दुकान में बैठी महिला पेट्रोल को डिब्बे से बोतल में डालने लगी।

दुकान में अंधेरा होने के कारण वहां मोमबत्ती जली हुई थी। पेट्रोल मोमबत्ती के संपर्क आया और देखते ही देखते वहां भीषण आग लग गई। महिला और युवक दोनों आग की चपेट में आ गए। युवक ने आग से भभक रहे पेट्रोल के डिब्बे को पैर से मार कर दूर भगाया लेकिन इस दौरान उसके पैर में आग लग गई। महिला आग लगने के बाद दुकान के भीतर कोने में खड़ी हो गई। इसी दौरान दुकान में रखे फ्रीज का कंप्रेशर फट गया। इससे आग भीतर तक फैल गई। सूचना पर दमकल वाहन के साथ टीम पहुंची। आग में काबू पाने के साथ दमकलकर्मियों ने आग के भीतर से महिला को बाहर निकाला। आग से गंभीर रूप से झुलसी महिला और युवक को मेडिकल कालेज अस्पताल अम्बिकापुर में भर्ती कराया गया है। इस घटना में किराना दुकान व घर पूरी तरह जल गया। जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कंचनपुर में लालसाय नामक ग्रामीण कार्तिक किराना दुकान का संचालन करता है।

## वृद्ध की मौत

**सूरजपुर।** रामानुजनगर थाने इलाके में नहाने के दौरान आमादोह नाले में पानी रोकने बनाए गए बांध में डूब जाने से 61 वर्षीय वृद्ध ग्रामीण की मौत हो गई। मंगलवार को नगर सेना की डीडीआरएफ टीम ने तीन घण्टे की मशक्कत कर बांध में डूबे वृद्ध के शव को बाहर निकालकर पुलिस के हवाले किया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। रामानुजनगर इलाके के ग्राम सुरता केहरिया पारा निवासी रामधारी धनवार 61 वर्ष पिछले दो माह से अपनी पत्नी के साथ दुर्गापुर के धनवारपारा स्थित ससुराल में रह रहा था।



# गायत्री प्रज्ञापीठ पटना के नए ट्रस्टी का मनोनयन

**कोरिया बैकुंठपुर।** गायत्री प्रज्ञा पीठ पटना प्रांगण में रविवार को ट्रस्ट का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें प्रमुख ट्रस्टी रविशंकर शर्मा एवं सहायक ट्रस्टी विनोद शर्मा को सर्वसम्मती से चुना गया। शांतिकुज हरिद्वार से आए प्रांतीय समन्वयक लेखराम साहू व जिला समन्वयक शिव शंकर साहू सहित गायत्री प्रज्ञा पीठ सावांरावां के रामनारायण कुशवाहा व राम स्वरूप यादव एवं सैंकड़ों लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुआ जिसमें 9 लोगों को ट्रस्टी बनाया गया। रवि शर्मा, विनोद शर्मा, योगेन्द्र मिश्रा, रूप चुद गुप्ता, शंकर सोनी, पवन अग्रवाल, उमाकांत दुबे, वंदना शर्मा, सुमित्रा गुप्ता ट्रस्टी चुने गए इन नौ लोगों ने मिलकर प्रमुख ट्रस्टी रविशंकर शर्मा एवं सहायक ट्रस्टी के रूप में विनोद शर्मा को सर्वसम्मती से चुना। इसी प्रकार चार अलग अलग समितियां वित्त एवं विधि प्रबंधन, आश्रम देवालय, आंदोलन प्रबंधन समिति, संगठन प्रबंधन समिति का गठन किया गया जिसमें अनिरूद्व ठाकुर, धीरेन्द्र सोनी, मंजू शर्मा, कमला सोनी, श्रीधर पाण्ड़ेय, आशीष अग्रहरी, राजलाल राजवाड़े, वीनिता दुबे, नीतिन शर्मा, मीना सोनी, योगेन्द्र मिश्रा, अश्वनी साहू, पवन अग्रवाल सहित अन्य लोगों को शामिल किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त सहायक ट्रस्टी विनोद शर्मा ने कहा कि अब जल्द ही एक और बैठक का आयोजन कर कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा साथ ही समझ में फैली विभिन्न बुराइयों के साथ-साथ नशा उन्मूलन के खिलाफ विशाल रैली निकाली जाएगी कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक गायत्री मंत्र चरण व समापन सामूहिक शांति पाठ के साथ हुआ।

# एसपी ने किया होनहारों का सम्मान,दिया गया प्रशस्ति पत्र

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के मार्गदर्शन में आज जिला पुलिस द्वारा पुलिस लाइन में होनहार बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कॉन्फ्रेंस हाल में 10वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में कोरिया जिले का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को एसपी कोरिया ने प्रशस्ति पत्र सम्मानित किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी विद्यार्थियों का परिचय प्राप्त किया गया एवं उनके भावी लक्ष्य से अवगत हुए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 10 वीं और 12वीं कक्षाएं बहुत महत्वपूर्ण पड़ाव हैं विशेषकर 12वीं के बाद जीवन की दशा और दिशा निर्धारित हो जाती है, अच्छा अंक लाना एक शुभ शुरुवात है, यात्रा का प्रारंभ है, अंत नहीं। देश के भावी कर्णधार आप युवा छात्र ही हैं। आगे पुलिस अधीक्षक ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए अच्छे विद्यार्थी होने के 5 लक्षणों के बारे में बच्चों को एक संस्कृत श्लोक से बताया कि **काकचेष्टा बकोध्यानं श्वाननिद्रा तथैव च। अल्पहारी गृहत्यागी विद्यार्थी पंचलक्षणम् ।।**

उल्लेखनीय है कि जिले में 10वीं की परीक्षा में आदर्श सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर के सिद्धांत सिंह पिता प्रकाश कुमार सिंह ने 97.00प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं आदर्श शिशु विद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल पांडव पारा के मो. शाहजहां हुसैन पिता मो. मुन्नवर हुसैन एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रनई के अजय कुमार पिता किशुन प्रसाद द्वय ने 95.67प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल पीपरडांड बैकुंठपुर



की साक्षी राजवाड़े पिता रघु शंकर रजवाड़े ने 95.33प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जिला कोरिया के 12 वीं की परीक्षा में शकुंतला सरस्वती गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर के आशुतोष पिता ओम प्रकाश साहू, शासकीय मॉडल रामा. हायर सेकेंडरी स्कूल के तेजप्रताप राजवाड़े पिता राजेंद्र प्रसाद राजवाड़े द्वय ने 93.60प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शासकीय मॉडल गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर की रागनी कश्यप पिता सलिकराम ने 92.60प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रनई की अनिशा साहू पिता दिनेश साहू ने 92.40प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार जिले के बहुत से विद्यार्थियों ने अपनी बोर्ड की परीक्षा में बेहद अच्छा प्रदर्शन किया है। जिसमे कक्षा 10 वीं में जिक्र तबरे पिता तबरेज अहमद ने 95.17प्रतिशत, रिया भगत पिता महावीर राम भगत ने 95.00प्रतिशत, ललिता पिता राम कुमार ने 94.83प्रतिशत, नूरी शबा पिता मो. हासिब अंसारी एवं अंजली प्रधान पिता राम कुमार प्रधान द्वय ने 94.50प्रतिशत हासिल किया है। वही मीनाक्षी साहू पिता महेंद्र साहू, संजना कुशवाहा पिता शिवनाथ कुशवाहा एवं शिवानी कुशवाहा पिता विष्णु प्रसाद कुशवाहा ने 94.33प्रतिशत अंक हासिल किया है। मोनिशा साहू पिता राजेश कुमार साहू एवं जुगुन पिता चन्द्रिका प्रसाद ने 93.50प्रतिशत अंक, मधु राजवाड़े पिता घनश्याम राजवाड़े, स्नेहा नाविक पिता ओम प्रसाद नाविक एवं प्रतिभा राजवाड़े पिता नरेन्द्र प्रसाद राजवाड़े ने 93.33प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रवीण्य सूची में अपना नाम दर्ज किया है।

इसी तरह कक्षा 12वीं में मानसी पांडे पिता राज़ कुमार पाण्डेय ने 90.60प्रतिशत, प्रियंका लकड़ा पिता बिनोद कुमार एवं शिव कुमारी पिता प्यारे लाल ने 90.20प्रतिशत, तुषार कुमार सोनी पिता राजेंद्र कुमार सोनी ने 90प्रतिशत अंक हासिल किया है। इसी प्रकार राम सागर पिता जय कुमार ने 89.60प्रतिशत, प्रीति पिता नान साय ने 89.40प्रतिशत, उमानाथ राजवाड़े पिता अर्जुन प्रसाद राजवाड़े ने 88.80प्रतिशत, रजनी सोनी पिता धीरेन्द्र सोनी एवं जनक राम पिता मंगल प्रसाद ने 88.60प्रतिशत अंक हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है। जिले भर में 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सिद्धांत ने बड़े होकर साइंटिस्ट बनना बताया, वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले शाहजहां ने मेडिकल फील्ड में आगे बढ़कर डॉक्टर बनने का लक्ष्य बनाया है। 12वीं में प्रथम स्थान हासिल करने वाले आशुतोष ने डॉक्टर एवं तेजप्रताप ने NDA के तहत आर्मी ऑफिसर बनना बताया है। वही द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली रागनी ने बैंक मैनेजर का लक्ष्य बनाया है। सभी होनहार विद्यार्थियों को पुलिस अधीक्षक कोरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया ने प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया और बच्चों और उनके पालकों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि इस कार्यक्रम से मिली प्रेरणा उनके जीवन बेहतर दिशा देने में सार्थक योगदान करेगी। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया मोनिका ठाकुर, रक्षित निरीक्षक नितीश आर. नायर, यातायात प्रभारी विपुल आनन्द जांगड़े, स्टेनो विकास नामदेव, स.उ.नि. राजीव कुमार गुप्ता एवं सभी विद्यार्थियों के अभिभावकगण मौजूद रहे।

# सरोवर-धरोहर पर दो करोड़ खर्च हुए लेकिन तालाब में एक बूंद पानी नहीं

## सूखे पड़े मुड़ापार तालाब का हो रहा दुरूपयोग

**कोरबा।** शहरी क्षेत्र में रामसागरपारा और संजय नगर लक्ष्मणबन इलाके के कई पुराने तालाबों को पाटने के साथ मिटा दिया गया। उनके व्यवसायिक उपयोग को लेकर काफी समय से खबरें आती रही हैं। इधर इस गर्मी में शारदा विहार वार्ड के अंतर्गत आने वाले मुड़ापार तालाब का हाल बेहाल है जहां एक बूंद पानी नहीं है। यह स्थिति तब है जब राज्य सरकार की सरोवर-धरोहर योजना के अंतर्गत इसका कायाकल्प कराया गया और कई प्रकार के काम भी कराए गए।

डेढ़ दशक पहले नगर निगम की ओर से सरोवर-धरोहर योजना का क्रियान्वयन शहरी क्षेत्र में कराया गया था। इस दौरान अकेले मुड़ापार तालाब की साफ-सफाई से लेकर गहरीकरण आदि कार्यों पर दो करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई थी। योजना के अंतर्गत इसके चारों तरफ घेराबंदी कराई गई और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की गई। बाद के वर्षों में इसी तालाब को संवारने के लिए फिर से राशि का प्रावधान किया गया। इतना सबकुछ



होने पर लोगों ने देखा कि बारिश से लेकर ठंड के मौसम तक ही तालाब में पानी की उपस्थिति बनी रही और इसके बाद यह तालाब डबरी में तब्दील हो गया। कई वर्षों तक गर्मी के मौसम में इस प्रकार के नजारे यहां देखने को मिलते रहे। इस वर्ष स्थिति बिल्कुल अलग है। तीन एकड़ से ज्यादा क्षेत्रफल से पहले तालाब का अवलोकन करने पर पता चला कि पूरे इलाके में कहीं भी पानी नहीं है और ऐसे में अब इसके एक हिस्से में निवासरत स्लम इलाके के लोग इसका उपयोग शौच के लिए तब कर रहे हैं जब स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहर को ओडीएफ घोषित कर दिया गया है। बताया गया कि सुबह और शाम ढलने के बाद तालाब के कई हिस्सों में इसी प्रकार के नजारे देखने को मिलते हैं।

### कई काम होते हैं इस तालाब से

कार्तिक महीने में पूर्वांचल की बड़ी संख्या छठ त्योहार के दौरान मुड़ापार तालाब में उपस्थिति दर्ज करती है। सुबह और शाम को अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं के अलावा दर्शक यहां पहुंचते हैं। बीते कई वर्षों से यह सिलसिला जारी है। धार्मिक और दूसरे कारणों से भी इस तालाब की उपयोगिता होती रही है। फिलहाल तालाब के सूख जाने के कारण ऐसे कार्यों के लिए लोगों को दूसरे विकल्प अपनाने पड़ रहे हैं।

### जल संरक्षण के दावों की निकली हवा

वर्षा जल संचय के साथ-साथ जल स्त्रोतों को हर हाल में बेहतर और मजबूत बनाए रखने के लिए सरकारी एजेंसियां और उनके लिए काम करने वाला सिस्टम लगातार कई प्रकार का दावा करता रहा है। इसी बात को लेकर जागरूकता संबंधी कार्यक्रम के नाम पर भी बजट फूंका जा रहा है। इसके बावजूद छोटे-बड़े तालाबों का गर्मी में पूरी तरह से सूख जाना योजना के दावों की हवा गुल करता है।

## चुचरूंग मोहल्ले में युवक ने फांसी लगाई

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र के भैसमा पंचायत के चुचरुंग मुहल्ले में सिदार तालाब के पास 26 वर्षीय अजय कैवर्त ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। अजय द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी करने की बात क्षेत्र में जंगल में लगी आग की तरह फैल गई और मौके पर लोगों को हुजूम इकट्ठा हो गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर लाश को पीएम के लिए भेजा है।

## सट्टा पट्टी के साथ एक गिरफ्तार

**कोरबा।** कोरबा के सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र की सीएसईबी चौकी ने पिछली रात्रि को बुधवारी बस्ती में कार्रवाई करते हुए महेंद्र गंगवानी को गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि महेंद्र के द्वारा सट्टा पट्टी लिखने के बारे में सूचना मिली थी वह काफी समय से इस काम को कर रहा था। मौके से 780 रुपए, सट्टा पट्टी जप्त की गई है। आरोपी के खिलाफ 13 क के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि अवैध कार्यों से संबंधित शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है।

## नकटीखार के पास कार पलटी एयरबैग खुलने से बचा चालक

**कोरबा।** कोरबा-चांपा रिंग रोड पर एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गलत दिशा से आ रहे हाईवा से बचने के चक्कर में यह हादसा हुआ। गनीमत यह रही कि घटना के दौरान कार का एयरबैग खुलने से चालक की जान बच गई।

सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरबा से 10 किमी दूर यह दुर्घटना रिंग रोड नकटीखार के पास हुई। कार क्रमांक सीजी-12-बीएफ-8977 में बालको नगर गायत्री मंदिर रोड निवासी राकेश रोशन सिंह 45 वर्ष जरूरी कार्य से रिंग रोड से जा रहे थे। इस दौरान सामने से गलत दिशा में हाईवा आते दिखी। उससे बचने राकेश रोशन सिंह ने कार सड़क से नीचे उतारी, लेकिन उसके उपरांत भी हाईवा चालक ने टक्कर मार दी। इससे कार बोल्डर से टकराकर पलट गई। बताया जा रहा हैं की एयर बैग खुलने से राकेश बाल-बाल बच गए, पर कार बुरी तरह



क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने हाईवा चालक के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### एडवांस तकनीक का फायदा

ऑटोमोबाइल कंपनियों ने चार पहिया गाड़ियों की बढ़ती मांग के साथ उनकी कीमतें जरूर बढ़ाई हैं लेकिन इसके साथ कई प्रकार के सुरक्षात्मक उपायों पर भी ध्यान दिया है। दुर्घटना की स्थिति में ये ऑटोमेटिक अपनी भूमिका निभाते हैं। इससे जान-माल के नुकसान की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। अनेक मामलों में ऐसे उदाहरण सामने आए हैं।

# भालू के हमले में महिला मृत

## तेंदूपत्ता तोड़ने गई थी जंगल

**कोरबा।** जिले के वनमंडल कटघोरा अंतर्गत केंदई रेंज में हाथियों के बाद अब भालुओं का आतंक शुरू हो गया है। यहां के जंगल में तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए गई एक महिला पर आज सुबह भालू ने हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में दम तोड़ दी। वन विभाग ने तत्कालिक सहायता राशि रुपए 25 हजार मृतका के परिजनों को उपलब्ध करा दी है।



मिली जानकारी के अनुसार वन्य प्राणी के हमले की यह घटना ग्राम सिमगा में घटित हुई है। बताया जाता है कि यहां की निवासी सीता बाई पति मुखीराम गोंड़ आज सुबह जंगल के कक्ष क्रमांक ओए-689 में तेंदूपत्ता तोड़ने गई थी तभी उसका सामना एक पेड़ के पीछे छिपे खूंखार भालू से हो गया। भालू ने देखते ही हमला कर दिया और महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में दम तोड़ दिया। वन विभाग को सूचना मिलने पर उसके अधिकारी गांव पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के साथ मृतका के परिजनों को तत्कालिक सहायता राशि 25 हजार रुपए उपलब्ध कराई। वन्य प्राणी के हमले में जन क्षति पर 6 लाख रुपए दिए जाने का प्रावधान है। शेष राशि पीएम रिपोर्ट के आने पर दी जाएगी।

# आचार संहिता हटने की प्रतीक्षा फिर शुरू होगी ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावशील होने के साथ जिले में कई प्रकार के कार्यों को बंद कर दिया गया। इस कड़ी में प्रशासन द्वारा गठित विशेष कार्यबल के द्वारा सीमा क्षेत्र में स्थापित किये गए चेक प्वाइंट पर आने-जाने वाले वाहनों की जांच जरूर की गई। लेकिन ट्रैफिक पुलिस के द्वारा की जाने वाली कार्रवाई थमी रही। खबर है कि चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद नियम तोड़ने वाले वाहनों पर शिकंजा कसने का काम प्रारंभ होगा।


लंबे समय से शहर की यातायात व्यवस्था को छोड़ अन्य इलाके में ट्रैफिक पुलिस नजर नहीं आ रही है। इसके दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। वाहनों में ओवर लोडिंग के साथ-साथ भार वाहकों में यात्रियों को लाने-ले जाने का काम जोर-शोर से



चल रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों और हाइवे पर अबाध गति से वाहनों का दौड़ना बताता है कि चालकों को किसी का डर-भय नहीं रह गया है। वजह यह भी है कि जब किसी प्रकार की चालान जैसी कार्रवाई ही नहीं होगी और थाने से लेकर कोर्ट के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे तो चालक डरेंगे क्यों।

# चिर्रा व गीतकुंवारी में फसल रौंद सरहद पहुंचे 22 हाथी

**कोरबा।** जिले के कटघोरा व कोरबा वन मंडल में हाथी समस्या लगातार बनी हुई है। दोनों ही डिविजन के जंगल में बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे है। जो फसलों को नुकसान कर ग्रामीणों के साथ साथ वन विभाग की नाको में दम कर ररखे है। कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज में मौजुद 22 हाथियों के दल ने बीती रात गीतकुंवारी व चिर्रा गांव में अनेक ग्रामीणों के खेतों में लगे धान फसल को रौंदने के बाद कोरबा व धरमजयगढ़ वन मंडल की सरहद पर पहुंच गया। वहां विश्राम करने लगा । हाथियों को आज सुबह क्षेत्र के लोगों ने देखा और इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की दी । जिस पर विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर हाथियो की




निगरानी में जुट गया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हाथियो का दल अभी सरहद पर है इसके आज रात में आगे की ओर बढ़ने और धरमजयगढ़ जाने की संभावना है। उधर कटघोरा वन मंडल के केंदई जटगा व पसान रेंज में भी बड़ी संख्या में हाथियो के विचरण करने से ग्रामीणों को खतरा बढ़ गया है।क्योकि ग्रामीण बड़ी संख्या में तेंदुपत्ता संग्रहण के लिए घरों से निकलकर जंगल पहुंच रहे है। ऐसे में उनका सामना जंगली हाथियों से हो सकता है जो नुकसान पहुंचा सकते है।

# कुआंभट्ठा क्षेत्र में निगम की जमीन हथियाने बढ़ा बेजा कब्जा

## फेंसिंग को पहुंचाया नुकसान जमीन बचाने की चिंता

**कोरबा।** नेहरू नगर वार्ड के अंतर्गत कुआंभट्ठा बस्ती में मुख्य मार्ग के सामने सैकड़ों मीटर की लंबाई में नगर निगम की जमीन पर सैकड़ों की संख्या में लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। उन्हें उम्मीद है कि देर-सबेर वोट बैंक के लिए सरकार इसे भी पट्टा दे देगी। लेकिन ऐसा मानना भूल होगी। इस इलाके में नए सिरे से किये जा रहे एक निर्माण पर निगम ने आंख तरेरी है। कहा गया है कि योजना के तहत इस इलाके को खाली कराने का काम कराया जाएगा।

गुरु घासीदास तिराहे से रिकांडो चौक बुधवारी की तरफ जाने वाला इलाका कुआंभट्ठा नेहरू नगर के नाम से जाना जाता है। सड़क के एक हिस्से में सीएसईबी और बालको के रेलवे ट्रैक हैं। सीएसईबी ट्रैक के आसपास की अपनी जमीन सुरक्षित कर रही है और उसे वार्वेट तार से बेरिकेट किया है। इसके दूसरी तरफ की जमीन नगर निगम की है। इसी हिस्से को हड़पने




का काम लंबे समय से चल रहा है। यह बात अलग है कि इस तरफ नगर निगम उदासीन रहा है। अब की स्थिति में यहां छोटे-बड़े ठेले-टपरे के साथ-साथ शेड बना लिये गए हैं। कुछ समय पहले एक मंदिर भी तैयार हो गया। उसकी प्राण प्रतिष्ठा भी नगर निगम की जानकारी में हो गई। खबर के मुताबिक और भी कई प्रकार के काम इस क्षेत्र में चल रहे हैं। करोड़ों की जमीन को हासिल करने के लिए कब्जाधारी कवायद में लगे हैं वहीं दूसरी ओर नगर निगम भी अपनी जमीन को बचाने की चिंता में है। हाल में ही निगम ने दादरखुर्द में शराब भट्ठी और एसएलआरएम सेंटर के पास सरजू चौहान और मानिकपुर चौकी पुलिस की एक आरक्षक द्वारा किये गए अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की। जिला प्रशासन के निर्देश पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। निगम को अतिक्रमण के सभी मामलों में ठोस कार्रवाई करने के लिए कलेक्टर अजीत वसंत के द्वारा साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में निर्देशित किया गया है। उक्तानुसार उसे कदम बढ़ाने पड़ रहे हैं। कहा गया है कि संबंधित क्षेत्रों का सर्वेक्षण करने के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

### *कभी भी हटाएंगे बेजा कब्जा*

*कुआंभट्ठा के सामने के क्षेत्र में तीन साल पहले नगर निगम ने फेंसिंग कराई थी। अपनी जमीन सुरक्षा के लिए यह काम किया गया था। कुछ स्थानों पर इसे लोगों ने तोड़ दिया है। मौके पर बेजा कब्जा किये जाने की शिकायत मिली है। हाल में ही यहां पर बन रहे एक मंदिर को नोटिस जारी किया गया है। जबकि इस क्षेत्र में किये गए सभी अतिक्रमण को कभी भी हटा दिया जाएगा।*

***-योगेश राठौर, प्रभारी तोड़ूदस्ता निगम***

## अर्जन देव के बलिदान दिवस पर सेवा कार्य



**कोरबा।** धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए गुरु अर्जन देव ने अपना बलिदान कर दिया था। उनका बलिदान दिवस 10 जून को श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। इससे पहले कोरबा में गुरु सिंह सभा की ओर से विभिन्न स्थानों पर लोगों को मीठा जल वितरण करने का कार्य शुरू किया गया है। ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे से इसकी शुरुआत की गई। 43 डिग्री तापमान में परेशान हो रहे लोगों ने काफी संख्या में इस सुविधा का लाभ लिया और आयोजन की सराहना की।

## रक्तदान के लिए लोगों को जागरूक करने सायकल से प्रदेश की यात्रा



**कोरबा।** सारस्वत पांडे और प्रेम सोनी रक्तदान जागरूकता का संदेश देने के लिए छत्तीसगढ़ में भ्रमण करेंगे। पूरी यात्रा सायकल से होगी। सरस्वती विद्यालय सीएसईबी से आज दोनों युवकों ने यात्रा की शुरुआत की। अपनी सायकल पर तिरंगा झंडा और जरूरी सामान रखने के साथ युवकों को यहां से विदा किया गया। उन्होंने रक्तदान जागरूकता और इससे संबंधित आवश्यक पर्चे पास में रखे हैं जिन्हें रास्ते में लोगों को दिया जाना है। कोरबा से रवानगी के बाद सबसे पहले वे जशपुर जिले को कवर करेंगे फिर इसके बाद आगे के रूट पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। सारस्वत ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश में खून की कमी के कारण काफी मौतें हो जाती है इसलिए लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। हेल्पिंग हैंड वेलफेयर सोसायटी से जुड़े इन दोनों युवकों की यात्रा के लिए लोगों ने शुभकामना दी।

## धर्म सेना की ब्लाको में हुई बैठक

**कोरबा।** धर्म सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान लगभग 200 स्थानों पर बैठक हुई है। इनके कार्यकर्ता सभी क्षेत्रों में जाकर बैठक ले रहे थे। इसके अलावा राष्ट्रीय निर्माण के लिए वें लोगों से वोट मांगते थे। सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई थी। जिलाध्यक्ष साकेत शर्मा,विष्णु पटेल, सदानंद सिंह, धनश्याम राठौर, राजा कुशवाहा, प्रकाश शर्मा, राधेश्याम सिंह, रौशन साहू सभी स्थानों पर गए और बैठक ली। इसके अलावा मंदिरों में भी लगातार हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है। लोगों को जागरूक करने का काम हो रहे है। इसके पहले कई स्थानों पर अलग अलग रक्तदान शिविर लगया गया।

# पहाड़ी क्षेत्र में बस गई बस्ती, गर्मी में पानी नहीं मिलने से बढ़ी मुश्किलें

## सुविधा प्राप्त करने के लिए करनी पड़ रही मेहनत

**कोरबा।** एसईसीएल के ओवरबर्डन पहाड़ी क्षेत्र में कुछ साल पहले बसी गायत्री नगर बसाहट में भीषण गर्मी में लोगों को दूर से पानी का इंतजाम करना पड़ रहा है। मोहल्ले में टैंकर से जल आपूर्ति की जा रही है, लेकिन वह नाकाफी साबित हो रही है।

एसईसीएल कॉलोनी के समीप स्थित गायत्री नगर में पेयजल की समस्या गहराई हुई है। गर्मी के दिनों में यह समस्या और बढ़ गई है। वार्ड नंबर 27 के अंतर्गत आने वाले इस मोहल्ले में करीब 70 परिवार निवास करते हैं। मोहल्ले में नगर निगम द्वारा बिछाई गई पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति होती है। वर्तमान में सुबह-शाम मात्र आधा पौन घंटे के लिए पानी की आपूर्ति की जा रही है। पहले पानी सभी को पर्याप्त मिल रहा था, किंतु जैसे ही गर्मी बढ़ी पानी की खपत भी बढ़ी है। इसके अलावा कई घरों में टुल्लू पंप लगा लिया गया है जिसके कारण लोगों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों ने इसकी शिकायत वार्ड पार्षद से की जिस पर पार्षद द्वारा निगम स्थानीय लोगों ने बताया कि पड़ोसी जिलों में कई लोगों के गृह ग्राम है, जो यहां मोहल्ले में रहकर विभिन्न कामकाज करते हैं। पानी की समस्या को देखते हुए कई परिवारों ने गांव की ओर रूख कर लिया है। पानी की समस्या इतनी विकराल है कि गुजर बसर मुश्किल हो रहा है। एक तरफ नगर निगम द्वारा घर-घर पानी पहुंचाने का दावा किया जा रहा है तो दूसरी ओर शहर से लगे मोहल्ले में पानी की समस्या को लेकर पलायन की स्थिति निर्मित हो गई है।अधिकारियों से टुल्लू पंप हटाने की बात कही गई थी, लेकिन इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों ने बताया कि जिन्होंने टुल्लू पंप लगाया है उन्होंने निगम के पानी मीटर से पहले बाइपास कर लिया है। जिससे पानी की खपत की रीडिंग भी नहीं हो रही है और अन्य घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। लोगों को पाइप लाइन से निस्तारी तो क्या पीने के पानी लिए भटकना पड़ रहा है। मोहल्ले में पेयजल के अन्य कोई स्त्रोत जैसे हैंडपंप या कुआं नहीं है। यहां के निवासियों को आम निस्तारी के लिए अब मानिकपुर पोखरी से पानी लाना पड़ रहा है। पोखरी में जलकुंभी की भरमार से जिससे पानी गंदा हो गया है।

### बनाया जा रहा प्रस्ताव

उपरोक्त गायत्री नगर बसाहट कुछ साल पहले ही यहां बसी है। एसईसीएल के पहाड़ी क्षेत्र में लोगों ने कच्चे-पक्के मकान बना लिए हैं। ऊंचाई संबंधी कारणों से पानी की पहुंच नहीं हो रही है। समस्या को देखते हुए निराकरण के लिए प्रस्ताव बनाया जा रहा है।

- **एस.के.माहेश्वरी,** प्रभारी जल कार्ययोजना नगर निगम







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com